सर्दी के दिन, भारी बर्फबारी के बीच, बीस किलोमीटर तक रास्ता बंद, एक कुक को मुझे हैलिकाप्टर से एयरलिफ्ट कराना पड़ा, वजह - डाक्टर की लाख सलाह के बावजूद रात को जमकर दारू पी और आधी रात को छाती पकड कर कराहने लगे। सोरबीट्रेट और ईकोस्प्रिन की गोलियां कहीं जेब में पड़ी रह गयीं। वो तो खुदा की मेहर थी, सुबह मौसम खुल गया। सेक्टर कार्यालय की तत्पर कार्रवाई से हैलीकाप्टर मिल गया और सुबह 9 बजे तक कुक महोदय जम्मू मेडिकल कालेज अस्पताल में पहुंच गये। वरना अपनी तरफ से उन्होंने अपने जय सिया राम में कोई कसर नहीं छोड़ी थी।

एक हवलदार है, हाई ब्लड प्रेशर का शिकार है। 6 महीने के अंतराल में दो बार हृदयाघात का शिकार हो चुका है, और दोनों बार आधी रात के बाद दुर्गम पहाड़ी इलाकों से उसे ढोकर उधमपुर लाना पड़ा है। वजह यही मरी शराब। जेब में पड़ी सोरबीट्रेट और ईकोस्प्रिन की गोलियां अपने भाग्य को कोसती रहती हैं, कि काश हवलदार साहब कभी उनका भी सेवन कर के देख लें।

गुवाहाटी में एक नये बने हवलदार ने अपने सेक्शन और स्थानीय पुलिस के साथ काला पहाड़ इलाके में एक रेड के दौरान एक कच्ची शराब की भट्टी पर धावा बोला। और एक बोतल देसी दबा ली। ड्यूटी के बाद अपनी नौकरी, वर्दी की गरिमा, फोर्स की इज्जत को दाँव पर लगा कर एक ढाबे में सिपाहियों के साथ पी और कैम्प में लौट आए। बाद में पता चला एक सिपाही नशे की हालत में अपनी बेल्ट से बंधी तीन मैगजीन वहीं छोड़ आया है।

नशे के बाद दुश्मनी में बदलती दोस्ती, और हथियार उठाने के कितने किस्से हम जानते हैं। 122 बटालियन का एक हवलदार श्रीनगर जेल में है, 2001 की बात है। शराब के बाद रजायी ओढ़ कर सोए अपने ही पांच साथियों को ढेर कर दिया। एक बार तो मैं बाल बाल बचा। आज सोचता हूं तो रूह कांप जाती है। एक सुरक्षा सहायक महोदय ने शाम को जारी होने वाली रम एक शीतल पेय की बोतल में बचाकर रखी थी। सुबह 6 बजे सोकर उठते ही उसने सीधे बोतल मुंह से लगाकर नीट ही खींच ली। उसका शरीर पसीने से भर गया। वह दिवास्वप्न की स्थिति में आ गया। उसकी हालत बदहवास हो गयी। उसने बगल की चारपाई पर प्रोटेक्शन सिपाही की एके 47 उठायी और उसे लहराते हए "मार दूंगा, मार दूंगा, सब को मार दूंगा" चिल्लाता हुआ कैम्प से निकलकर मेरे घर की तरफ भागा। बृहस्पतिवार का दिन था। हथियार सफाई चल रही थी। मैं दफ्तर में बैठा था। बड़ी मुश्किल से उसे काबू में करके उससे हथियार लिया गया। थोड़ा शांत होने पर मैंने उससे पूछताछ की, तो पता चला शाम उसने एसटीडी पर अपने घर पर बात की थी। घर पर उसके जमीन जायदाद का झगड़ा चल रहा था। उस दिन उसके रिश्तेदार उस के घर पर आए थे, और उस के मां-बाप, बीवी-बच्चों, सब को पीट गए थे। रात भर उसे सपने आते रहे कि वो लोग उसे पीटने आ रहे हैं। सुबह उसने नीट दो पैग खींच लिए, तो उसे कैम्प का हर लड़का उसे मारने के लिए अपनी तरफ दौड़ता हुआ आता दिखाई देने लगा। मैंने उससे पूछा कि

भइ अगर ऐसा है तो तू मेरे घर की तरफ क्यों दौड़ रहा था। वो बड़ी मासूमियत से बोला, “साहब वो तो मुझे उम्मीद थी कि आप ही मुझे इनसे बचा सकते हैं।”

अब बताइए भला, मैं किसे दोष दूं। उसे, या इस निगोड़ी शराब को, जिस ने दोस्त और दुश्मन का फर्क भुला दिया।

बहुत सारे किस्से हैं, बहुत सारी जिंदगियां बरबाद होते देखी हैं। आपने भी देखी होंगी। सीआरपीएफ का ये एक वरदान है हम अधिकारियों को कि हमें जिंदगी इतने रंग दिखाती है कि हम हर रंग की रत्ती भर झलक मिलते ही उसके पूर्ण परिणाम का आभास पा जाते हैं। प्रयत्न भी करते हैं उसे टालने का, जो समझ जाते हैं, वो बच जाते हैं, और जो नहीं समझते, खुद चुनी राह में गिर कर गर्क हो जाते हैं। और हम सिवाए अफसोस के और कुछ नहीं कर सकते।

आप के पास लड़के इंटरव्यू के लिए आते हैं। आप उनसे पूछते हैं- शराब पीते हो – थोड़ा झिझकते झिझकते जबाव देते हैं -

यूं तो पीता नहीं, पी लेता हूं गाहे गाहे
वो भी थोडी सी, मजा मुंह का बदलने के लिए।

अगर बात यहीं तक रहे, और आप हम शराब पीते रहें तो कोई हर्ज नहीं। मगर जिस दिन हम शराब को इजाजत दे देंगें कि वो हमें पीने लगे, तो फिर तो यही कहना पडेगा-

अंगूर में यही थी पानी की चार बूंदें
जब से खिंच गयी हैं, तलवार हो गयी हैं।

Extra Coaches added for CAPF Personnel in four Major Trains of NE Region, J&K Zone and LWE affected States

MHA, vide UO no. 27013/30/2012-PF-IV dated 11/1/2013 has conveyed approval of Competent Authority for attachment of extra AC-III tier coach in following four trains, one on each sector on regular basis for CAPF personnel, throughout the year, for a period of one year, **which is**

operational from 16th May, 2013

S/No	Train No.	Name of Train	From	To	Frequency	Extra Coach
1	15609	Awadh Assam Express	Gwahati	Lalgarh (Bikaner)	Daily	1
2	13111	Lal Quila Express	Kolkata	Old Delhi	Daily	1
3	13151	Kolkata-Jammu Tawi Express	Kolkata	Jammu Tawi	Daily	1
4	16032	Andaman Express	Jammu Tawi	Chennai	Tue, Fri, Sat	2

(Andaman Express runs only 3 days a week. To cover the remaining days of week, the following trains are approved)

S/No	Train No.	Name of Train	From	To	Frequency	Extra Coach
1	16688	Navyug Express	Jammu Tawi	Mangalore	Thu	1
2	12688	Dehradun Express	Dehradun	Chennai	Mon	1
3	12484	Amritsar Kochivelli	Amritsar	Trivandrum	Sun	1

अच्छे माहौल-बेहतर परिणाम

सूबेदार मेजर(मंत्रा.) सुब्रतो कुमार नाग
ग्रुप केन्द्र, राँची

इंसान, व्यक्तिगत रूप से चाहे कितना भी तनावग्रस्त क्यों ना हो, लेकिन कार्यस्थल में लोगों से बातचीत करते हुए उनके चेहरे एवं बॉडी लैंग्वेज में तनाव बिलकुल दिखाई नहीं देना चाहिए। काम-काज में स्वस्थ माहौल बनाये रखने के लिए अगर आप इन बातों का ख्याल रखें तो आपका कैरियर और कार्यस्थल दोनों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होगा :-

1) जिन स्थितियों में आपको ज्यादा गुस्सा आता है या जब आप अति उत्साहित होकर ऊँचे स्वर में बोलने लगते है। तब आप सचेत तरीके से भावना पर काबू रखने की कोशिश करें।

2) अगर कार्यस्थल पर गुस्सा आये तो अपनी प्रतिक्रिया उसी वक्त जाहिर ना करें, बल्कि बाद में विनम्रतापूर्वक उसे उसकी गलती का एहसास अवश्य करायें।

3) आपके कार्यस्थल में कुछ ऐसे लोग जरूर होंगे, जो आपको नापसन्द होंगे लेकिन ऐसे लोगों के साथ भी अच्छे प्रोफेशनल संबंध बनाये रखना बेहद आवश्यक है। इसलिए यह नियम बना लें कि जिन्हें आप नापसन्द करते हैं उनके साथ भी आपका व्यवहार शिष्ट होना चाहिए, जिससे कार्यालय का कार्य बाधित ना हो एवं आपका व्यक्तित्व भी सही एवं सरल रहे।

4) आज के दौर में मोबाइल भले ही हमारी जरूरत बन गया है किन्तु यदि आप अपनी सीट/टेबल पर मौजूद नहीं हैं और आपका मोबाईल जोर-जोर से बज रहा है तो आपके सहकर्मियों को कैसा लगेगा? इसका अनुमान किया जा सकता है अतः कार्यस्थल या किसी बैठक में उपस्थित हों तो सदैव अपना मोबाईल साईलेंट मोड पर रखें।

5) अपने अधिकारी (Boss) के व्यक्तित्व एवं उनके मनोविज्ञान को ध्यान से समझने की कोशिश करें एवं उसी के अनुरूप व्यवहार करें। “Boss is always right” इस सूत्र वाक्य को हमेशा ध्यान में रखें। काम से संबंधित मुद्दों पर अधिकारी (Boss) या सहकर्मी (Colleague) से असहमति हो, तो आप शालीनता से अपना विचार व्यक्त करें।



6) समय की पाबंदी प्रत्येक कार्मिकों के लिए बहुत ही जरूरी होती है। किसी कार्मिक को देर से आने की आदत होती है तो इससे कार्यालय का माहौल तो बिगड़ता ही है साथ ही इसका असर काम-काज पर भी पड़ता है, जिससे उनके आउटपुट पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

7) आपस में हमेशा सहयोग की भावना के लिए तत्पर रहें। सहयोग की भावना से यदि आप किसी की मदद करते हैं तो कल कोई आपकी मदद के लिए स्वयं तैयार

रहेगा, किन्तु किसी से इसकी अपेक्षा करना उचित नहीं होगा। यह आपकी मानसिकता होनी चाहिए कि आपसी समन्वय (Coordination) से माहौल को ज्यादा बेहतर बनाया जा सकता है।

"सकारात्मक सोच रखें और कार्यस्थल की बातों को भावनात्मक रूप से ना लें एवं दिल में ना रखें।"

Satire

Free Medical Facility

SI/T S.K. Mukherjee
2nd Signal Bn.

Promotion has become a regular phenomenon in the formation of the CRPF. Sukhram did not expect to be an inspector so early. It took time for him to realize that now he is an inspector in CRPF and made up his mind to exploit every opportunity to avail facilities being enjoyed by other people holding this rank, which he has been obseving since his entry in CRPF. Eventually his wife was pregnant and due for her second delivery. The first issue was through Casesarian and he had to spend huge money for the treatment in a local nursing home. When he went to claim re-imbursement, he was asked for reference from CRPF hospital and ultimately he could not claim the money he spent. In despair, he determined that next time he won't spare the chance get his money back, at least what he spent on any kind of treatment.

Now he became an inspector and traditionally from this rank, everybody always makes an effort in the CRPF not to spend money form one's pocket and to exploit the government machinery to fulfill their requirements.

So what ... Sukhram took leave to bring his pregnant wife to avail free medical facility in CRPF. Parents, father-in-law mother-in-law repeatedly forbidden him, wife is into nine months of pregnancy and not in a position to travel. Wife also tried to convince her husband that this is not an optimum time to travel by train. Ultimately nobody could stop an inspector of Central

Government to bring his family at his place of posting after 12 long hours of arduous train journey. Ha...Ha... an inspector of Central Government ... What do you think!... Whatever he decides to do, he will do inevitably... none can stop him.

Train reached the station early in the morning. Sukhram's office was far from Railway station. His wife was sobbing painstakingly and requesting her husband to take her to any hospital as early as possible. He is an inspector. Govt. vehicle should come to take him to the office... but he did not inform it to anybody earlier. Now he should phone to control room for one tonner at least. But why should he phone out of his own expense. He is an inspector of Central Government. He was peeping here and there in the platform if some one is there from CRPF. But no one was there. Labour Pain of his wife was increasing and she cried loudly... "Why don't you try for an auto to carry me to your CRPF hospital. Both I and your child are dying". But Sukhram is an inspector of Central Government. Why should he travel by auto... he is no longer a Sub inspector or Havildar... Govt. veh is authorized for him.

Sukhram is determined to change his attitude. Another promotion will make him a gazetted Officer. The quality in himself is inevitably to exploit government facility rather than going for personal expenditure.

Suddenly a Constable in uniform came to him. "RGS sir I know you, when have you been transerrred to 2nd Signal from Srinagar?"

Sukhram would not have talked to him after all he is an inspector of Central Government but in this circumstance he shook hand and came to know that a party is going to CRPF camp by 5 tonner.

Then what? ... In a moment he pulled his pregnant wife up to the vehicle, lift her up and almost threw her to the back of the vehicle as there was no seat in the front. His face was twinkling with joy... at last he could mange to go to CRPF camp without paying a single penny.

It was yet to strike 8 in the morning. Sukhram reached CH with his wife. Rushed to the reception for registration.

"Show you identity card and hospital copy": man sitting in the window told.

"Immediately I cannot show... I didn't bring ... but my wife is pregnant.. .Please..."

“Nothing to do...bring the copy first then come...”

“See...it is her last month and labour pain started...”

“Then go to Emergency”

Sukhram snatched his wife to emergency...

“Let the on duty doctor come”... the on duty nurse casually told.

“But my wife is at last stage of pregnancy”

“Nothing doing... I have to obey my doctor”

“When the doctor will come”? ... He looked at his wife...

A shrill cry came from his wife and she fainted. Sukhram puzzled.....

He forgot that he is an inspector of the Central Government. Moreover he is a responsible husband of this dying wife and a beloved father of an offspring who is due to see the light of this world.

He lifted his wife and went to the main gate to catch an auto to reach a nearby nursing home.

His wife gave birth a beautiful baby after her admission in the nursing home. Sukhram once again had to pay huge money for another Caesarean operation in spite of the fact that he is an inspector of Central Govt and entitled for free medical facility. But of course it could not be reimbursed for the same reason as earlier. Still the family was happy having the pretty baby in their lap.

In this story Sukhram was an imaginary character. But in fact there are many Sukhrams in CRPF confused to set their attitudes according to change in their ranks.





व्यंग्य

मिस्टर राइट

फिरोज़ अली
सहा.कमा.
एटीसी, जालन्धर

मुझे अंग्रेजी की एक कहानी “ऑन सेईंग प्लीज” (On Saying Please) आज भी याद है। जब मेरे गुरू ने यह कहानी पढ़ाई थी तब मेरे मन में एक विचार आया और मैने अपने उस्ताद से पूछ दिया, सर इस तरह का लेख लिखने का क्या मकसद है? तब तपाक से मेरे उस्ताद ने मुझे जवाब दिया, यही एक ऐसा शब्द है जो आप के सारे काम बना सकता है। इसलिए जरूरी है कि तुम लोग भी “प्लीज” कहना सीख लो। तब उस्ताद की कुछ बातें हमारी समझ में आयीं और कुछ नहीं भी। सीआरपीएफ ज्वाइन करने के बरसों बाद अब यह लेख समझ में आया है, लेकिन उस का रूप बदला-बदला सा है। इस नये अन्दाज के शब्दों को हम लोगों ने “पेटेन्ट” करा रखा है और इसकी “कॉपी राइट” सीआरपीएफ के राजपत्रित अधिकारियों के पास है। समझ में नहीं आता, कि इसे शब्द कहूं या वाक्य। जो भी हो यह है ‘सर-सर’ ‘ओके-सर’ ‘राइट-सर’‘सर-सर’ .....

यहां यह तय नहीं है कि सर-सर कितने बार कहना है? यह अधिकारी पर निर्भर करता है कि वह किस रैंक का है और किस रैंक के अधिकारी से बात कर रहा है? वैसे ‘सर’ शब्द की बारम्बारता से कई प्रश्नों का हल आसानी से ढूंढा जा सकता है। जैसे .....

अधिकारी की उम्र क्या है?

उसकी आरजू व जुस्तजू क्या है?

उसकी Liability क्या है?

यूनिट में कितने से आगे और कितने से पीछे है? वगैरह-वगैरह .....

बात जल्द ही समाप्त करने के लिए आवश्यक है कि उनवान को स्पष्ट कर दिया जाये, तो इस सिलसिले का पहला अधिकारी सहायक कमाण्डेण्ट होता है, जो बिल्कुल नया होता है कुछ कच्चा कुछ पक्का सा, इसलिये वह अपने उच्चाधिकारी के लगभग सभी बातों पर कहता है ‘यस सर’ या ‘सर’ या फिर ‘ठीक है सर’। लेकिन जब वही सहायक कमाण्डेन्ट पदोन्नति पाकर उप कमाण्डेण्ट बनता है तब अपने उच्चाधिकारी की हर बात पर कहता है ‘सर-सर’ या फिर ‘राईट-सर’ ‘सर-सर-सर

.....

यह जरूरी नहीं कि वह अधिकारी अपने उच्च अधिकारी की बातों से दिल से सहमत हो, लेकिन 'पापी पेट का सवाल है' तीन बार सर-सर-सर तो कहना ही पड़ेगा, क्योंकि व्यक्तिगत जवाबदारी बढ़ रही है। आरजुओं का मस्कन और तमन्नाओं का महल अपना दायरा बढ़ा रहा है। नक्सलियों के तांडव देख छत्तीसगढ़ जाने से मन घबरा रहा है। ऐसे में यह तिलस्माती शब्द अपना असर दिखाता है, ए.पी.ए.आर. उत्तम लिखवाता है। इसलिये कहना पड़ता है 'सर-सर-सर' या फिर 'राईट-सर' 'सर-सर-सर' .....

एक ओर पदोन्नति वाक्य में एक और 'सर' का इजाफा करती है। पड़ाव है द्वितीय कमान अधिकारी, पर आवश्यकतायें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। मंहगाई बढ़ती जा रही है, शरीर में कमजोरी आ रही है, हड्डियां कीर्तन गा रही हैं, पे बैन्ड-चार की लालच मुंह में पानी ला रही है, उम्र बढ़ने के साथ-साथ अच्छे बुरे की तमीज आ रही है। दिल नहीं कहता कि गलत बात पर एक बार भी 'सर' कहें, लेकिन तभी 'टाइगर' की दहाड़ विचारों के तालतुम को तोड़ती है और अधिकारी में मुंह से बेसाख्ता निकल पड़ता है 'सर-सर-सर' 'राईट-सर' 'सर-सर-सर..... । बाद में यही चीज आदत में शामिल हो जाती है, फिर गिनती कौन करता है कि कितनी बार लफ्जे- 'सर' इस्तेमाल हो गया। आखिर में अधिकारी बेचारा हर बार 'बार-बार' लगातार 'सर-सर-सर-सर' 'राईट-सर' 'सर-सर-सर-सर का राग अलापते आगे अपने रैंक की हदबन्दी तक पहुंच जाता है।

इस सर-सर-सर कहे जाने पर मैने अपने एक उच्च अधिकारी जो कि इंगलिश लिट्रेचर में 'पीएचडी' हैं, से पूछा कि श्रीमान यह लगातार 'सर' कहना व्याकरण की दृष्टि से कहां तक सही है? इसपर उन्होंने चौड़ा होते हुये कहा, यह 'सर-सर-सर' **सरा-सर गलत है।** अंग्रेजी व्याकरण के अनुसार एक बार 'सर' कहना चाहिये। मैं कभी भी एक से ज्यादा बार 'सर' नहीं कहता हूं।

अभी हमारी बात समाप्त भी नहीं हुई थी कि महोदय का मोबाइल बज उठा, महोदय ने मुझे खामोश रहने का इशारा कर स्वयं सावधान खड़े होकर मोबाइल पर बात शुरू करते हुए कहा। गुड नून सर, 'सर-सर-सर', 'सर-सर-सर' 'यस सर' 'राईट-सर' 'सर-सर-सर' 'राईट-सर' 'सर-सर-सर'।

अब मुझे समझ में आ गया था, कि अंग्रेजी व्याकरण क्या है? साथ ही मैं यह भी जान गया था कि यह "मिस्टर राइट" कौन हैं? इसलिये मैं तो कहूंगा कि अंग्रेजी व्याकरण को मारें गोली और 'सर-सर-सर' 'राइट-सर' 'सर-सर-सर' जैसे परम वन्दनीय व प्रातः स्मरणीय शब्द की महिमा समझें, अन्यथा

ना समझोगे तो मिट जाओगे मेरे दोस्तों।

तुम्हारी दास्तां तक ना होगी दास्तानों में।





58 Bn CRPF distributed sewing machines to needy villagers of Chennur, Adilabad, A.P.

शिक्षावधेक

दिल पे मत ले यार.....

देवनाथ सोमकुँवर
उप कमाण्डेन्ट
196 बटालियन



आमतौर पर रोजाना ऑफिस के कार्यकलापों में गलती होने पर बॉस की नाराजगी झेलनी पड़ती है, किन्तु यदि किसी महत्वपूर्ण काम को बॉस के बताये अनुसार यदि कोई कर्मचारी नहीं कर पाता है, तो ऐसे में बॉस का नाराज होना लाजिमी है और यदि बॉस गुस्से में अन्य कर्मचारियों के सामने डाँटता है, तो संबंधित कर्मचारी को और बुरा लगता है, तथा शर्मिदगी का एहसास होता है, जिससे हो सकता है, कि वह डर की वजह से और कामों में भी गलती करने लगें।

ऑफिस में आमतौर पर सबके साथ इसी तरह की समस्या पेश आती है, किंतु जो किसी बात को दिल पर ले लेता है, उसका ऐसा हाल हो जाता है। इसलिए प्रोफेशनल होने की सबसे पहली शर्त यही है कि आप हर बात को पॉजिटिवली लें। उससे शर्मिदा होने की जरूरत नहीं, बल्कि उससे सीख लेने की कोशिश करें। मान लीजिए, आपकी प्रत्यक्ष गलती न होने पर भी सीनियर्स द्वारा आपको कुछ कह दिया गया, तब भी आप उसे दिल से न लगाकर विनम्रता से अपना स्पष्टीकरण देने का प्रयास करें।

• एटीट्यूड सुधारें

प्रसिद्ध अमेरिकी लेखक डेल कारनेगी के अनुसार, साधारण और असाधारण लोगों में अंतर यह है कि साधारण लोग किसी भी कड़वी बात पर तुरंत रिएक्ट करने लगते है, जबकि असाधारण लोग चीजों को समझने और हर एक की गलतियों को माफ करने में विश्वास करते हैं। हालांकि वर्क-प्लेस पर इस कथन पर शत-प्रतिशत अमल कर पाना आसान नहीं होता, लेकिन एक रूपरेखा बनाकर अपने इस एटीड्यूड को जरूर सुधारा जा सकता है। इसके लिए कुछ बातें आपको ध्यान में रखनी होगी।

1. निर्विकार बनें

अच्छी बात सुनकर बहुत खुश न होना और बुरी बात सुनकर दुखी या निराश न होना ही निर्विकार होना कहलाता है। यह बेहद कठिन है, लेकिन इसके अभ्यास के तौर पर आप एक मुस्कान अपने चेहरे पर बनाये रख सकते हैं हर समय रहने वाली मुस्कान आपको ज्यादा दुखी या निराश होने से रोकेगी। आपकी मुस्कान सामने वाले की कड़वी से कड़वी बात को भी बेदम कर देगी।

2. संयम है रामबाण

कड़वी बात सुनकर सबसे पहली प्रतिक्रिया के रूप में आपको गुस्सा आता है। इसके लिए आपको संयम का प्रयोग करना होगा। जब भी आपको लगे कि सामने वाले ने कुछ बातें कहकर आपकी छवि या प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाया है, तो ऐसे में भी आपको तुरंत प्रतिक्रिया नहीं करनी चाहिए। उस समय चुप साध जाइए, क्योंकि उस समय आप गुस्से के प्रभाव में हो सकते हैं। ऐसे में कहीं आप उससे भी कड़वी बात न कह जाए। दफ्तर में तो यह बहुत घातक हो सकता है, लेकिन बाद में सहज होकर उस बात का जवाब दें और विनम्रता से कड़वी बात का विरोध भी दर्ज कराएं।

3. विश्लेषण देगा ताकत

जब भी संकट आता है, तो ऐसे में उससे लड़ने की शक्ति आत्मविश्लेषण से ही मिलती है। वरना हम तो केवल एकतरफा ही सोचते रहते हैं और मानते रहते हैं कि सामने वाले की गलती है। लेकिन जब हम आत्मविश्लेषण करते है, तो दोनों पक्ष हमारे पास होते है और हमें अपनी गलतियों का भी पता चलता है, जिससे रणनीति बनाने में आसानी होती है। इसी प्रकार यदि कोई आपकी आलोचना करता है या आपको किसी प्रकार बातों से आहत करता है, तो आपको ठंडे दिमाग से विश्लेषण करना चाहिए। यदि आपकी गलती है, तो उसे स्वीकार कर लेना चाहिए और यदि दूसरे की गलती है, तो उसे तर्कसंगत ढंग से समझाना चाहिए।

4. दिल में मत चुभोएं कांटा

दिल कोइ आलापेन पैड नहीं है कि उसमें बातें चुभोकर रख दी जाए। दिल को गुलदस्ता बनाइए, ताकि आप खुश रहें और चुभने वाली बातों को एक कान से सुनकर दूसरी से निकाल दीजिए। ऐसा न हो कि कड़वी बात आपके व्यक्तित्व और कृतित्व को डांवाडोल कर दे। इसलिए कड़वी बात को भूलने के लिए अपने काम में मन रमाएं। व्यस्तता इसके लिए सबसे अच्छी दवा है।

• कुछ अन्य महत्वपूर्ण सुझाव

i) व्यक्तित्व

आदमी का व्यवहार, उसका पहनावा इत्यादी कहीं न कहीं उसके संस्कारों से जुड़ा होता है। हमेशा साफ-सुथरें, सलीकेदार वस्त्र धारण करें, मृदुभाषी बने जिससे न केवल आप स्वयं भी अच्छा महसूस करेंगे बल्कि औरों की नजर में भी आपकी अच्छी छवि बनेगी।

ii) अच्छी आदतें

पौष्टिक भोजन लेना, व्यायाम, संगीत सुनना, अच्छी प्रेरणास्पद किताबें पढ़ना, धुम्रपान, नशा इत्यादि बुरी आदतों से दूर रहना तथा अच्छे लोगों की संगति में रहने की आदत आप को जीवन में स्वस्थ्य व सकारात्मक बनें रहने में मददगार है। कहते है:-

- "किजै संगत साधु की"
- "स्वस्थ तन में ही, स्वस्थ मन निवास करता है।"

iii) बीच-बीच में आराम करें

तरोताजा होने के लिए बीच में काम से ब्रेक लेना अच्छा होता है, इससे न केवल आप तरोताजा महसूस करेगें, बल्कि आप अगली बार पुनः आने दुगने उत्साह से काम में कर सकते है।



e-procurement workshop

Workshop On E-Procurement In Directorate

-By Prov Directorate

The advancement of IT in day to day functioning of government department is making a huge impact. All departments of Government of India including CRPF are now making serious effort to switch over to electronic mode of Procurement (e-Procurement) due to the inherent ease and efficiency and complete transparency provided. The Government e-Procurement is to make the Government tendering process online. This web based system facilitates the Government organizations to create, publish the tenders, receive the bids, open it on line, evaluate the bids and award the

contract to successful bidders. Also it facilitate the bidder to submit their bids online within the scheduled time. This Central Public Procurement portal (CPPP) provides a single point access to the information of procurement made across central government organizations. Besides, in online tendering, there is no need for a person to travel physically, complete anonymity of participation is maintained and also no tampering of bid documents is possible.



As a part of this effort MHA vides their letter dated 4th October, 2012 has directed all CAPFs that all procurement for the value of Rs. 10 lacs and above should done through E-Procurement with effect from 15th October, 2012.

Accordingly to kick-start e-procurement in CRPF following action has been taken by Provisioning Directorate CRPF with the assistance of NIC:-

i) Initial 2 days awareness training program was organized 11th & 12th June, 2012 attended by DC (Store) & QM Writer of GC New Delhi, Gurgoan, Noida & Sonepat where Northern Sector & GC Delhi were selected as Pilot institutions of CRPF to start first with subject objective.

ii) Later one day training program was organized on 16th October, 2012 attended by DIG (Prov), DC (Store) & Clerks Handling procurement / QMCs of Northern Sector, CoBRA & RAF, CRPF Academy Kadarpur and CH-New Delhi.



iii) Further 2 days e-Procurement Workshop was held in following 4 phases at Directorate General CRPF as under, where officials dealing with procurement were drawn from all Zones, Sectors, Group Centres, other Institutions & RAF/CoBRA units attended this workshop.

A) 1st Phase: 6th to 7th December, 2012: North Zone.

B) 2nd Phase: 13th to 14th December, 2012: Central Zone.

C) 3rd Phase: 20th December, 2012 North Eash Zone.

D) 4th Phase: 27th to 28th December, 2012: Southern Zone.

During the training, the participant officers/officials have been familiarised with various relevant subjects like Tenders and electronic Thenders, GePNIC, DSC-Security, approach for implementation, e-Tender Creation and Publishing, Corrigendum details, Bidding Process, Technical Bid Opening, Evaluation and Award of contract. Practice Session for Tender Creation, Publishing and Bid Opening Evaluation etc was also conducted.

iv) In order to assist CRPF in the process of switching over to e-procurement, an official, Operation Manager from NIC has been attached with Prov Dte of CRPF.

v) Through e-procurement, till date at Directorate level, Procurement cell has processed 13 Nos. e-tenders which are at various stages.

सेब
(सेहत का खजाना)

उप. नि./जीडी जगदम्बा रावत
विशेष कार्य समूह

सेब में प्रोटीन और विटामिन प्रचुर मात्रा में होते है और यह रसीला खूबसूरत फल कोलेस्ट्रॉल को घटाकर रक्तचाप सामान्य बनाए रखता है, सेब में पेक्टिन के घुलनशील रेशे होते हैं, जो कोलेस्ट्राल का स्तर घटाते हैं तथा शरीर के लिए वैक्टीरियारोधी एजेंट की भूमिका निभाते हैं। सेब में जेल की तरह एक प्राकृतिक पदार्थ होता है, जो रक्त में कोलेस्ट्रॉल का स्तर घटाकर दिल के दौर एवं धमनी-सम्बन्धी बीमारियों का खतरा कम करता है।



सेब के छिलके में लगभग चार मिलीग्राम क्वेरसेटिन होता है, जिसमें एण्टी-ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है, इससे कोशिकाएँ स्वस्थ बनी रहती हैं। साथ ही सेब में पॉलिफनॉल एण्टी ऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में पाया जाता है, इससे कोशिकाए स्वस्थ बनी रहती हैं। साथ ही सेब में पालिफेनॉल एण्टी ऑक्सीडेन्ट, टयूटिन, लाइकोपेन, केराटिन, एंथोसाइनिन और फलेवानाइड अर्थात, फाइटोन्यूटी एन्ट पाए जाते है, जिससे शरीर की प्रतिरोधक क्षमता सशक्त बनी रहती है और वायुमण्डल के वायरस और बैल्टीरिया के इष्प्रभावों से सुरक्षा मिलती है। हमारे देश में प्रतिदिन बढ़ती बीमारियों के वेग को थामने में सेव का सेवन पर्याप्त मददगार साबित हो सकता है।

सूचना

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (गृह मंत्रालय) पुलिस से संबंधित हिन्दी की उत्कृष्ट पुस्तकों के लिए पं. गोविन्द वल्लभ पंत पुरस्कार योजना

पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो (गृह मंत्रालय), भारत सरकार न्यायालयिक विज्ञान, कारागार, पुलिस प्रशिक्षण, पुलिस प्रशासन, पुलिस अन्वेषण, अंगुलिछाप, अपराध शाखा तथा पुलिस से संबंधित अन्य विषयों पर हिन्दी में उत्कृष्ट मूल पुस्तकें लिखने अथवा अनुवाद करने के लिए सृजनशील लेखकों और अनुवादकों को उपर्युक्त योजना के द्वारा प्रोत्साहित करता है।

2. इस योजना के निम्नलिखित दो भाग हैं-

भाग-1- पुलिस से संबंधित विषयों पर हिन्दी की प्रकाशित पुस्तकों के लिए निम्नलिखित पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

(1) मूल प्रकाशित पुस्तकें – 30,000/-

30,000/- रुपये तक के पांच पुरस्कार। इन पांच पुरस्कारों में से 1 महिला लेखक के लिए आरक्षित है। बशर्ते उनकी रचनाएं उपलब्ध हों।

(2) अनुदित हिन्दी प्रकाशित पुस्तके 14,000/-

14,000/- रुपये तक के दो पुरस्कार। (एक महिला लेखक के लिए आरक्षित है बशर्ते कि उनकी रचना प्राप्त हो)

भाग-2 – ब्यूरो पुलिस से संबंधित किसी विषय पर पुस्तक लिखवाने के लिए प्रति वर्ष 40,000/- रुपये तक का एक पुरस्कार प्रदान करता है जिसके लिए लेखक को इस विषय पर क्या-क्या सामग्री शामिल करनी है का उल्लेख अपनी रूपरेखा के द्वारा करना होगा। इसके लिए इस वर्ष विषय है:

“अपराध नियंत्रण में न्यायपालिका की भूमिका”।

इसी भाग के अंतर्गत एक पुरस्कार 40,000/- रुपये का (केवल महिलाओं के लिए आरक्षित है) के लिए

“महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम हेतु पुलिस में परिवर्तन” विषय पर रूपरेखा आमंत्रित की जा रही है।

(1) इस पुरस्कार योजना में भारत के सभी नागरिक भाग ले सकते हैं।

(2) योजना के प्रथम भाग में वे सभी पुस्तकें शामिल की जाएंगी जो 31.12.2012 तक प्रकाशित हुई हैं।

3. भाग-1 के लिए पांडुलिपियां भी प्रविष्टि के रूप में भेजी जा सकती हैं परन्तु यदि विचार करने के बाद इन्हें पुरस्कार के लिए अनुमोदित किया गया तो पुरस्कार राशि केवल पांडुलिपि के प्रकाशन के बाद ही दी जाएगी। प्रकाशन करवाने की व्यवस्था स्वयं लेखक/अनुवादक को करनी होगी। भाग-2 के अन्तर्गत निर्धारित विषय पर लिखित व पुरस्कृत पुस्तक के प्रकाशन का निर्णय मूल्यांकन समिति स्वयं करेगी।

4. पुस्तकों/पांडुलिपियों की तीन-तीन प्रतियाँ निर्धारित प्रपत्र के साथ इस ब्यूरो को भेजी जाएंगी। ये पुस्तकें /पांडुलिपियाँ वापिस नहीं की जाती हैं।

5. पुस्तकें लगभग 100 पृष्ठों की अवश्य होनी चाहिए'

6. योजना के भाग-2 के लिए आवश्यक है कि लेखक उपर्युक्त विषय पर विस्तृत रूपरेखा और अपने बायोडाटा की तीन-तीन प्रति भेजें।

7. इस योजना में वे पुस्तकें शामिल नहीं की जाएंगी जिन पर पहले ही भारत सरकार, किसी राज्य सरकार अथवा अन्य किसी सरकारी एजेंसी द्वारा कोई पुरस्कार प्रदान किया जा चुका हो अथवा इसके लिए कोई आर्थिक सहायता प्रदान की गई हो।

8. योजना के अंतर्गत प्राप्त पुस्तकें/रूपरेखाओं का मूल्यांकन एक मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाता है जिसका निर्णय अंतिम और बाध्य होगा। यदि समिति निर्णय लेती है कि कोई पुस्तक अपेक्षित स्तर की नहीं है तो उसे अधिकार है कि वह कोई भी पुरस्कार घोषित न करे अथवा पुस्तक के स्तर को ध्यान में रखते हुए पुरस्कार की राशि कम कर दे।

9. किसी भी लेखक को, जिसने इस योजना के अंतर्गत पुरस्कार प्राप्त किया है, वह आगामी तीन वर्ष के लिए पुरस्कार के लिए पात्र नहीं होगा।

10. भेजने की अंतिम तारीख-

उपर्युक्त संदर्भ में पुस्तक अथवा पांडुलिपि अथवा रूपरेखाएं ब्यूरो के कार्यालय में 30.09.2013 तक अवश्य पहुंच जानी चाहिए।

(यह विज्ञापन वर्ष 2013-14 के लिए है। संबंधित जानकारी ब्यूरो की वेबसाइट **www.bprd.nic.in** पर भी देख सकते हैं। फोन: 011-24360371/115, 011-24389615

Civic Action Programmes

Lecture Programme on HIV/Aids at 18 Bn

A Lecture Programme regarding HIV/AIDS organized in 18 Bn., CRPF at Kulgam on 3rd January, 2013, in which Dr. Rouf Hussain (M.O.) & Rohi Jamsheed (Consaltant ICTC) delivered a lecture. 103 personnel of the unit attended the lecture.



82 Bn Distributes Hearing Aids and wheelchairs to differently-abled in the Valley




Distribution of hearing aid to specially challenged Woman at Srinagar by 82 BN, CRPF.



Distribution of Wheel Chair and hearing aid to specially challenged persons at Srinagar by 82 BN, CRPF

116 Bn Organises Inter-School Handball Competition at Batkote, Jammu & Kashmir



A scene of the handball competition (left) & sports articles were distributed amongst the students (right)

Civic Action Programmes

188 Bn contingent Secures first place in Republic Day Parade in

Chhattisgarh




On the of 64th republic day parade in district Kondagaon, Chhattisgarh, parade contingent of 188 Bn secured 1st position agmong 10 contingent. Hon'ble Sports minister of Chhattisgarh, Ms. Lata Usendi handed over trophy to the contingent. Sh. Hemant Pahare Distt. Collector, SP Kondagaon with other civil dignitaries were also present on this occasion.

170 बटालियन द्वारा सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन





170 बटालियन के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा फ़रवरी, 2013 में एक सिविक एक्शन प्रोग्राम संगमपल्ली (मद्देड) गांव, कांगोपल्ली गांव, चेरापल्ली गांव एवं मोदकपाल गांव में आयोजित किया गया। इस प्रोग्राम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़ के हिस्सा लिया, तथा इस प्रोग्राम में गरीब तथा बेसहारा महिलाओं को सिलाई मशीन दी गई, दूर-दराज के क्षेत्र में रहने वाले लोग जहां पर बिजली की व्यवस्था नहीं है उन को सोलर लालटेन प्रदान की गई तथा जिस क्षेत्र में पीने के पानी को संग्रह करने की व्यवस्था नहीं है उन को पानी की टंकियां (Sintex) दी गई तथा उपस्थित छोटे बच्चों को टॉफ़ियाँ तथा बिस्कुट वितरित किए गए।



88 महिला बटालियन में अंतर महिला वाहिनी प्रतियोगिता का आयोजन



2 से 6 फ़रवरी, 2013 तक 88वी वाहिनी केरिपुबल द्वारा सैक्टर-8 द्वारका नई दिल्ली के प्रांगण में अंतर वाहिनी खेल-कूल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में महिला रेंज कार्यालय सहित इस रेंज के तीनों ही महिला बटालियन की टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रीमती नीतू डी भट्टाचार्य, पु.उ.म.नि. महिला रेंज केरिपुबल नई दिल्ली द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता के दौरान बैडमिंटन, वॉलीबॉल, क्रिकेट व एथलेटिक्स की तीन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता में क्रिकेट प्रतिस्पर्धा में 135 म. वाहिनी विजेता रही तथा शेष सभी प्रतिस्पधाओं में 213 म. बटालियन के कार्मिकाओं ने बाजी मारी। प्रतियोगिताआ का समापन दिनांक 14 फरवरी, 2013 को श्री पी.वी.के. रेड्डी, भा.पु.से. पुलिस महानिरीक्षक उत्तरी सैक्टर के द्वारा किया गया।

उल्लेखनीय है कि यह पहला मौका है जब अंतर महिला वाहिनी खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

Disabled Children From Orphanages Felicitated by 69 Bn



Distribution of Momento And Gifts to the Children with special needs from Orphanages in 69 BN CRPF Imphal.



Shri Rakesh Kumar Singh, Comdt-69 BN CRPF and Officers Interactin with Children with special needs at Battalion Hqr. Dinning Hall.

198 Bn. excels in social service : Trains tribals for recruitment and builds Check Dams in their areas



Reaching out to the general public, especially Tribal people in thbe areas of Vishakhapatnam, 198 Bn. has taken up specialized coaching for candidates for recruitment into Central Armed Police Forces, under its Civic Action Programme. Taking the notification of recruitment of constables in CAPFs, notified by SSC as a prospect, 198 Bn, under the guidance of IG Southern Sector, Sh. N.R.K. Reddy started coaching eligible tribal candidates, both male and female for the recruitment.

Coaching Camps

198 Bn. has established coaching camps at Elwinpeta (E/198 Bn) in Gummalaxmipuram mandal, Makua (F/198 Bn.) in Vizianagaram and Paderu (A/198 Bn.) in Vishakhapatnam districts, where eligible candidates were trained with correct techniques for qualifying in the competitive examinations (both theory and practical). Smt. Swati Lakra, DIG Visakha

Range and Sh Nisheet Kumar, Commandant 198 Bn. CRPF have inaugurated the Recruitment training camps at Paderu and Elwinpeta respectively. 198 Bn CRPF has distributed free books to about 800 candidates, including 103 girls, who attended the programme at all above three centres. Besides above, free counselling, food and boarding facility were also provided to candidates in coordination with ITDA and Civil police. Before starting these training camps, all company commanders and officers of 198 Bn. took a lot of pain in reaching tribal youths in the deep interior areas of Visakha agency area near Andhra-Orissa Border (AOB) and convincing them to apply for the SSC examination and further facilitated them in filling online application forms for a record number of more than 2200 candidates.

Dignified livelihood

These camps were started with the noble aim and belief that such camps would help tribal people of Visakha agency area to get a dignified livelihood for themselves and also support their families well to perk up their socio-economic status. Further, it will have a mitigating effect on their propensity to join the ranks of Naxals.

Check Dam at Rallagadda Parachar

Another prominent work undertaken by 198 Bn., CRPF under its ‘Civic Action Plan for the year 2012-13’ is the construction of ‘Check Dam’ & ‘Gravity Water Scheme’ for irrigation and drinking water facilities for village Rallagadda Parachar of Chintapalli Mandal (considered as Naxal hotbed particularly of Gallikonda and Korkunda area Committees of East Visakha division of AOBSZC) in Vishakhapatnam district. It is beilieve that construction of Gravity Water Scheme will not only provide potable water to the villagers but also help in curbing water-borne diseases to a large extent.

These works of community policing by 198 Bn., CRPF have been widely appreciated by local populace, senior officers of A.P. Police, as well as Civil Administration, apart from applaud by Electronic and Print media, particularly dailies like, The Hindu, The Times of India, The Indian Express, The Deccan Chronicle and others Telugu dailies.

Mega Civic Action Programme of 191 Battalion at Gadchiroli



As part of its continued drive to win over the hearts and minds of the locals in Gadchiroli district, 191 Bn CRPF carried out a massive **CIVIC ACTION PROGRAMME** at Bedgaon (under taluk Korchi, Distt. Gadchiroli) on 13th February, 2013.

Variety of items worth over Rs. 10 lakhs including Uniforms, school bags, notebooks, geometry sets, computers for school children, water storage tanks for villages, Hospital equipment for Primary Health Centres (PHCs), Solar lanterns for poor villagers, sports kits & dresses, RO system for PHCs were distributed to needy locals by CRPF. The function was inaugurated by Sh. A.P. Singh, DIG, CRPF, Sh. Suvez Haque, Supdt. of Police, Gadchiroli, officers from other departments of district administration also attended the function.

A team of seven doctors, headed by Dr. Dinesh Mishra M.O., 191 CRPF and those from nearby local PHCs, conducted a day-long medical camp for the locals which drew large crowds. Over 40% of the ladies were treated for anaemia, about 10% locals for hypocalcaemia (lack of calcium) and over 40% of the children for malnutrition, the doctors concluded. CRPF also distributed medical equipment to local PHCs including ECG machines, BP

apparatus, stethoscopes, and pulse oxymeters.

Various items worth over Rs. 36 lakhs have so far been distributed by 191 Bn during the past three years, which has been paying fruitful dividends in terms of intelligence collection. The local police administration led by Sh. Sachin Pandkar, SDPO, Wadsa arranged the logistic support for the programme, during which the 'Jan Jagaran Mela' programme of the local administration was also held at the venue.



5वीं वाहिनी में 'प्राणिक हीलिंग' शिविर सम्पन्न



“प्राणिक हीलिंग ट्रस्ट’ के श्री अजय पात्रा का स्वागत करते हुए कमाण्डेन्ट 5वीं वाहेनी श्री जयदेव केसरी



प्राणिक हीलिंग पर अधिकारियों व जवानों को व्याख्यान देते हुए श्री अजय पात्रा



5वीं वाहिनी के आधिकारी व जवान प्राणिक हीलिंग का अभ्यास करते हुए

प्राचीन काल से ही योग के महत्व को ऋषिमुनियों की तेजस्वी काया व दीर्घकालिक स्वस्थ जीवन शैली ने स्वतः सिद्ध साबित किया है। आधुनिक युग के बदलते परिवेश व नवीनीकरण में योग का महत्व गौण हो गया है। बल के संदर्भ में प्रकाश डाले तो वर्तमान कार्य क्षेत्र, बढते तनाव व परिवार से अलग एकांकी व अनुशासित माहौल में आज पुनः आवश्यकता है शारीरिक पुष्टता के साथ मानसिक दृढता पर जोर दिया जाए और यह संभव है योग व साधना के माध्यम से।

योग से साधना के मार्ग तक पहुँचने व इस विधा से एक स्वस्थ जीवन शैली को अपनाने हेतु 5वीं वाहिनी के.रि.पु.बल महावीर नगर के तत्वाधान में योगा प्राणिक

चिकित्सा ट्रस्ट (Yoga Pranic Healing Trust) नई दिल्ली की टीम द्वारा वाहिनी के कार्मिकों को द्विचक्रीय हृदय साधना; (Twin Heart Meditation) की जानकारी दी गई। इस साधना में हृदय चक्र का कपाल चक्र से सम्पर्क करा कर एक अद्भुत दैवीय प्रकाश के आलोक का सभी को प्रद्यौगिक ज्ञान दिया गया।

दो दिवसीय योग एवं साधना शिविर के अग्रिम चरण में प्राणिक हीलिंग अर्थात प्राण से नकारात्मक भावों, विचारों इत्यादि का निष्कासन व नई ऊर्जा व जीवंत प्राण का व्यक्ति के शरीर में प्रवेश कराना - इस विधि के प्रयोग के साथ पूर्ण चिकित्सीय स्वरूप में परिचय कराया। यह दो दिवसीय कार्यशाला सभी कार्मिकों के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुई, जिसका वाहिनी के समस्त अधिकारियों सहित 80 जवानों द्वारा इस शिविर का लाभ उठाया गया।

130 Bn organises Ashfaq Ullah Khan Cricket Tournament

130 Bn organized cricket tournament in Awantipora region in name of Ashfaq Ullah Khan Cricket Tournament between eight teams/Clubs at Victorpora Stadium Awantipora. Sh Onkar Singh Charak DIGP (Operations) Awantipora/ Anantnag Range inaugurated the tournament and Sh. Sanjay Kumar Comdt-130 Bn and other senior officers were present on the occasion. The participant teams were Mantaqi Sports Cricket Club, Awantipora Cricket Club, Ziyarat Cricket Club Awantipora, Friends Cricket Club, Tral, Shining Star Cricket Club, Jawbarara, Barsoo Cricket Club, Smart Boy, Chandara, Young Friends Club, Lethpora. Complete set of cricket uniforms (1 lower, 1 T shirt & 1 cap) were distributed to each player (14 players in each team) of all the eight teams. Apart from this bats, pads for batsmen, leg guard for wicket keeper, gloves for batsmen & wicket-keeper, stumps, wails, arms guard, abdomen guard, seen guard, helmet, kit bag, mat, cricket balls were also distributed. Trophies to Winner and Runner’s Up teams were also given.



Sh O.S. Charak, DIG (Ops) Anantnag awarding one of the winners of the tournament

Inter School Cultural Programme by 130 Bn

An Inter-school cultural programme was organised by 130 Bn in the inhospitable area of Awantipora (J & K). Children of eight schools of the area participated in it. Musical instruments were distributed amongst them to hone up their musical skills. Musical items like harmonium, sythesizer, Guitar, congo, Dholak, Tablas, Base drums, side drums, Chimta & Thalis were distributed amongst the students, which lit up their faces. Students from Govt. U.P. School Jawabera, Govt High School Awantipora, Govt. Primary School Boubala, Govt. Primary School Boupayan, Govt middle School Padgampura, Govt Primary School Charsoo, Govt. U.P. School Charsoo & Govt Primary School Charsoo participated in the cultural programme.






111 Bn organizes Football tournament in Naxal Heartland




Sh Zulfiqar Hassan, IG Chhattisgarh Sector is introduced to the players (left) & with schoolchildren (right)

179 Bn CRPF organizes Free Medical Camp at Village Adipora, Sopore

Adding one more chapter in its history of approaching the locals 179Bn., CRPF organized Free Medical Camp at Govt. High School, Village Adipora, Sopore. Chief Guest, Shri S.S. Sandhu IGP (ops) KMR, CRPF in his inaugural address welcomed the local public and guests who attended the Camp. He said that we are continuously making our best efforts to reach out the public so that people feel CRPF is not only for their security but serves their prevalent needs too. On the other hand, 53 Bn, CRPF, DPL Baramulla distributed free sports kit/ gears among the local youth. This special endeavor was welcomed by all locals present and they said it is indeed a great moment for the residents of this village which have only a small primary Health Center and now in this Free Medical camp they got specialist treatment for ailments they are suffering. More than 1000 persons including women, children and elderly persons were given treatment and medicines worth Rupees one lakh were distributed among them. Dr. Yamin (Surgeon), Dr. Adil (Physician) Dr. Sheikh Mustaq (Physician) Dr. Suneem Ahmad Khan (Physician), Dr. Suhail (Physician), Dr. Tabasum (Dentist) and Dr. Yasmin Hamid (Gynecologist) rendered their priceless services to folks. Haji Md. Ashraf Ganai MLA Sopore, Shoaib Nabi Lone Ex. MLA, Shri R.S. Rautela DIGP (Ops) North Kashmir, and representatives of civil/media/police/ SFs were among the prominent dignitaries present at the camp.





गणतंत्र दिवस समारोह

111 बटालियन ने दन्तेवाड़ा में मनाया गणतंत्र दिवस







111 बटालियन, सी.आर.पी.एफ. पिछले चार साल से दन्तेवाड़ा में तैनात है, तथा यहाँ के लोगों के हर सुख-दुख में शामिल होने के साथ-साथ अपने परिचालनिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है। 26 जनवरी, 2013 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला कलेक्टर, दंतेवाड़ा उपस्थित थे व उन्होंने गणतंत्र दिवस के समारोह पर 111 बटालियन द्वारा आयोजित परेड व झांकी प्रदर्शन को बड़ी उत्सुकता से देखा, जिसमें 111 बटालियन के जांबाज़ जवानों ने उत्कृष्ट मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया तथा 'झांकी' प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर सी.आर.पी.एफ का नाम रोशन किया। 111 बटालियन द्वारा किए गए परिचालनिक, सामाजिक तथा शैक्षिक कार्य को प्रदर्शित किया गया, जैसा कि विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं में स्कूली बच्चों, अन्य ज़रूरत मन्द लोगों में मूलभूत ज़रूरतों से संबंधित सामान जैसे कि किताबें, नोटबुक, स्कूल बैग, जूते, कपड़े, बर्तन, साईकिल, सोलर लाईट, टीवी इत्यादि का वितरण। युनिट द्वारा दंतेवाड़ा जिले में 2 कम्प्यूटर प्रशिक्षण केन्द्र कुआकोंडा एवं पालनार में चालु किया। पालनार से अरनपुर सड़क निर्माण में भी सी.आर.पी.एफ महत्वपूर्ण

भूमिका अदा कर रही है। उपर्युक्त कार्य को प्रदर्शित करनेवाली झांकी का नेतृत्व मराठा लेझिम पार्टी द्वारा लेझिम नृत्य करते हुए किया गया जो कि एक ऐतिहासिक परंपरागत महाराष्ट्रीयन नृत्य है।

Directorate Functions

167 Direct Officers pass out of CRPF Academy

167 Direct officers, of two different batches, passed out of CRPF Academy, Kadarpur, Gurgaon on 16th February, 2013 in a colourful ceremony. They include 76 officers of 43 (B) batch of DAGOs (Directly Appointed Gazetted Officers) and 91 officers of 10th Batch of DEGOs (Directly Enlisted Gazetted Officers). These officers include 9 women officers also. Sh. Pranay Sahay, DG CRPF was the Chief Guest on the occasion and took the salute.


Speaking on the occasion, Sh.Pranay Sahay, DG CRPF said that nothing can be more satisfying than seeing young officers full of determination, confidence and enthusiasm. He said that in today's environment, the biggest threat to the nations integrity is Left Wing Extemism and these young officers are the cutting edge of the Force. They are future leaders, on whose shoulders a heavy responsibility rests. He expected them to set high personal examples of dedication and commitment. Earlier, Sh. H.R. Singh, Director CRPF Academy, Kadarpur, Gurgaon welcomed the Chief Guest and Guests.

The trophies for Best All Rounder Trainee were bagged by Sh. M. Gin Khan Mang and Sh. Ganesh Pratap Singh of 43rd batch DAGOs & 10th Batch of DEGOs respectively. Sh.Gufran Ahmed of 43(B) batch of DAGOs and Sh. Ajit Kumar of 10th batch of DEGOs bagged the trophy for Best Trainee in Indoor & Outdoor subjects respectively.

Senior officers, men, trainee officers and their parents/families were present in large number, on this occasion.







Release of CRPF Calendar & Diary, 2013




Sh Pranay Sahay, DG CRPF releasing the CRPF Calendar (left) & Diary (right) for 2013

CWWA Activities at GC Jharoda Kalan





Smt. Manila Sahay, President CWWA being welcomed by President Regional CWWA, GC N/Dli (left) & a view of the "Matki Race" organized amongst Mahilas of GC on the occasion (right)

Investiture Ceremony of Police Medal for Meritorious Service




Sh. Pranay Sahay, DG CRPF awarding Meritorious service medals to Officers

Republic Day at Directorate

Smt. Anupam Kulshreshtha, DIG (Adm) at Republic Day function held at Directorate (left) and distributing sweets among jawans (right)

Senior Officers' Conference at CGO





A view of the Senior Officers' Conference held at Directorate General Sh Pranay Sahay DG CRPF presided over it

7th Batch of FFPU Headed For Liberia Given Warm Send off





Sh Pranay Sahay, DG CRPF presided over the send-off function (L) and interacted with the contingent (R)

Achievement

Book of Dr. A.P. Maheshwari, IGP released at Jaipur 'Litfest'

Mayan, a book recounting the spiritual journey and family bonds of a cancer patient, was released at the Jaipur Literature Festival 2013, on 27th January, 2013 by Ira Pande with book introduction from Ikraam Rajasthani. The heartwarming tale delineates the small victories and spiritual transformation of its protagonist, Mayan, (meaning mother in Rajasthani dialect) who lived a wholesome life with positive thoughts, despite having cancer. The author Dr. A.P. Maheshwari, a 1984 batch I.P.S. officer and presently IGP, Northern Sector, CRPF New Delhi, told festival goers that the book catalogues his mother's battle with cancer, and "is an introspective tale, which challenges readers to reflect not only on death, but also on life, its meaning and the ultimate purpose of our human existence." Dr. Maheshwari hopes it will speak to cancer patients' loved ones everywhere.




Ira Pande released the book



Dr. Maheshwari speaks about the book

Marathon Runner Shrawan Kumar, SI/M

SI/M Shrawan Kumar of Adm Dte participated on behalf of C.A.T. in Standard Chartered Mumbai Marathon for a distance of 42.195 Kms and successfully finished the race in 4 hours 6 minutes and 20 seconds. He achieved the overall rank of 279 (Category rank 202, Gender rank 268) out of a staggering 40,000 participants. It is for the first time that a person from Ministerial Staff, that too 38 years old, participated voluntarily and successfully finished such a long race. He bagged the Finisher Medal Award and Timing Certificate by Association of International Marathon & Distance Race (AIMS) & Procamrunning International.



Operational Achievements

65 Bn. unearths IEDs and recovers items from naxal camp



An IED is dug up (left) & items recovered from naxal camp (right)

Recovery of Arms & Ammunition by 198 Bn



Recovered arms and ammunition

Recovery of tiffin bomb by A/188 Bn



8 Kg tiffin bomb and 2 mtr wire (left) being destroyed by 188 Bn personnel (right)

CRPF in News

...development with crackdown wor...

VIVEK DESHPANDE
DCHIROLI, JANUARY 16

...OP Naxal leader who sur-...rred recently has said ...the government's twin ...gy of security with devel-...t has begun to hurt the ...s, leaving the morale of ...dre affected.

Gadchiroli," Badarpu Mal-laiyya alias Shekhar, the in-charge of the South Gadchi-roli divisional committee of the CPI (Maoist), who surren-dered before the Andhra Pradesh police in November, told *The Indian Express* here on Wednesday.

2008 onwards till his arrest.

"The morale of the party has been affected by the pres-sure created by Operation Greenhunt. A lot of areas have been lost to the police," Shekhar said, adding that with people ...

मुठभेड़, छह नक्सली मारे गए

मुंबई। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले ...पुलिस ने रविवार तड़के मुठभेड़ में ...महिला कार्डरों सहित छह नक्सलि... को मार गिराया।

गढ़चिरौली के उप महानिरीक्षक र... कदम ने कहा कि यह मुठभेड़ जिले ...अहेरी तालुक में गोविंदगमांव के ... जंगलों में हुई। सुरक्षा बल नक्सल वि... अभियान के तहत नियमि... उसी दौरान जानकारी ... नक्सली क्षेत्र में हमले की ... हैं। सुरक्षा बल जब उस ... तो नक्सलियों ने गोलीबा...

मुठभेड़ में चार नक्सली ढेर एक जवान घायल

- छत्तीसगढ़ और आंध्र की सीमा पर हुई घटना

दांतेवाड़ा। प्रतिनिधि

...में पुलिस दल के साथ मुठभेड़ में चार ...नक्सली मारे गए हैं। इस ...

सेन्य बलों से वापस नहीं लेंगे विशेष अधिकार

...दिल्ली | जितेंद्र भारद्वाज

...मू-कश्मीर में फिलहाल विशेष ...स्त्र बल अधिनियम (एएफएसपीए) ...स नहीं होगा जबकि सीमावर्ती जिलों ...तैनात सीआरपीएफ बटालियन को ...ने की प्रक्रिया भी धीमी रहेगी।

इसका कारण अफगानिस्तान से नाटो ...कों की वापसी है जिसकी वजह से ...के सीमावर्ती इलाकों में आतंकी ...ठनों की हलचल ...

बीएसएफ के लिए चुनौती

सीमा पार के इलाकों में बढ़ रहे आतंक... संगठन बीएसएफ के लिए एक बड़ी चुनौती बन रहे हैं। पाक सेना की गोलीबारी के बीच कई आतंकी संगठ... के सदस्य भारतीय सीमा में प्रवेश क... की ताक में हैं। भारत पाकिस्तान सी... पर 129 ऐसे स्थान ...

सीमावर्ती जिलों में सीआरपीएफ की करीब 60 ब... में अभी केवल पांच बटालियन ...टाई गई हैं। पहले दस बटालि... वापस बुलाने की बात कही गई ...

1,000 CoBRA, CRPF jawans hunt for Red...

'13 साल बाद निभाऊंगा पत्नी-बेटी से किया वादा'

नई दिल्ली वरिष्ठ संवाददाता



सीआरपीएफ हवलदार डी. संतोष कुमार

मेरी पत्नी और बेटी ने कई बार कहा कि ...में संसद भवन का वह स्थान देखना है ...जहां पर आतंकी मारे गए थे। मैंने भी उनसे ...वादा किया था कि संसद भवन परिसर ...कर दिखाऊंगा लेकिन इस बीच मेरी ...टिंग दिल्ली से बाहर हो गई। पिछले ...साल से मैं परिवार को घटनास्थल ...दिखा सका। अब मैं एक वर्ष से ...में तैनात हूं। अब मैंने परिवार को ...बुलाने के लिए आवेदन दिया है। ...मिलने के बाद परिवार को संसद ...जाऊंगा।

यह कहना है कीर्ति चक्र विजेता ... अपने इंचार्ज को बताया। इससे पहले आतंकियों से निपटने की कोई रणनीति बनती, संसद के गेट नंबर-9 की तरफ चार आतंकी, जिनमें एक मानव बम भी था, भागे आ रहे थे। चारों आतंकी हैंड ग्रेनेड फेंकने के अलावा ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहे थे। मैंने अपनी एसएलआर से पहले दो-तीन गोलिय...

CRPF bags highest number of gallantry awards





...district ...ters, around 1pm.

A combing ... has been launch... the Maoists.

About 1,000 ... CoBRA jawans h... deployed in the ...

नक्सली शिविरों से सामग्री बरामद

जगदलपुर, (वार्ता) : छत्तीसगढ़ रेड्डी से जिला बल, कोबरा बल ...ये। अभियान दल को नक्सली कैम्प... बीजापुर जिले के ग्राम एसटीएफ का संयुक्त बल ग्राम से नक्सली साहित्य एवं नक्सली... ...मकानार, चोखनपाल पोमरा एवं कमकानार, चोखनपाल पोमरा एवं मासिक पत्रिका भारी मात्रा में दबाइयां,... ...ज्पेमरका में जवानों ने धावा बोलते ज्पेमरका की ओर बिजली के तार, बैटरी,... ...नक्सली सामग्री बरामद की है। नक्सली विरोधी डेटोनेटर, जिलेटिन और... बीजापुर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अभियान पर रवाना हुई। अन्य सामग्री मिली। 28 दिसंबर को ग्राम नक्सलियों द्वारा स्थापित



CRPF's ex-chief now J'khand guv adviser



Vijay Kumar

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सबसे बड़ी समस्या हमारी अपनी मानसिकता है। अतः सर्वप्रथम हमें अपनी मानसिकता को बदलने की आवश्यकता है। हिन्दी व्यवहार हमारे लिए गर्व और गौरव का विषय होना चाहिए। अतः मैं हिन्दी दिवस पर आप सभी से अनुरोध करता हूँ कि राजभाषा हिन्दी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा समय-समय पर जारी किए गए आदेशों का कड़ाई से पालन किया जाए। कार्यालय में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए अधिकतर प्रयास निचले स्तर पर ही होते रहे हैं, यद्यपि इससे बल में हिन्दी का प्रयोग बढ़ा है तथापि लक्ष्य प्राप्ति के लिए अभी भी काफी कुछ किया जाना शेष है। मैं चाहूँगा कि अधिकारी वर्ग इस दिशा में पहल करे और हिन्दी में अधिकाधिक कार्य करके अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को प्रेरित करे। मैं चाहूँगा कि सभी कार्यालय अध्यक्ष राजभाषा अधिनियम व नियमों की समुचित जानकारी रखें ताकि वे इनका अनुपालन अपने कार्यालयों में सुनिश्चित करा सकें।

विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में विश्व में अत्यधिक प्रगति हुई है जिसके फलस्वरूप कम्प्यूटरों और अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरणें पर हिन्दी में काम करने की सुविधा उपलब्ध हो गई है। अब हिन्दी में काम करना और भी सरल हो गया है। हम हिन्दी में ही सोचें और हिन्दी में ही लिखें तथा इस सिद्धान्त को अपना आदर्श बना लें तो हमें हिन्दी में काम करने में कोई कठिनाई नहीं होगी तथा हिन्दी की प्रगति में स्वतः तेजी आ जाएगी।

हमारा लक्ष्य व प्रयास, दोनों राजभाषा हिन्दी में सारा सरकारी कामकाज करने का है। इसके लिए आप सबका सौहार्दपूर्ण सहयोग हमारे प्रयासों को सफल करेगा। आइए, हिन्दी दिवस के अवसर पर आज हम सब यह संकल्प लें कि अपना अधिक से अधिक कार्य हिन्दी में निपटाएंगे तथा राजभाषा के रूप में हिन्दी का गौरव बढ़ाएंगे।

शुभकामनाओं सहित।

स्थान :

दिनांक : सितम्बर 2013



(दिलीप त्रिवेदी)

हिन्दी राष्ट्रीय एकता एवं उन्नयन का प्रतीक

- राकेश कुमार सिंह,
कमाण्डेन्ट *89* बटालियन

भाषा की सार्थकता तब है जब वह जन-जन तक पहुंचे। लोगों के बीच आमफहम हो, कि इसके जानने से देश के हर कोने में अपनी अभिव्यक्ति को संप्रेषित किया जा सकता हैं। भाषा तब सम्मानित प्रतीत होती है जब इसके बोलने तथा सुनने वाले इससे जुड़ने के कारण गौरवान्वित महसूस करते हों। समाज के प्रबुद्ध लोगों की चाह होती है कि उनका ज्ञान एवं दर्शन समाज की स्मृति में हो, तथा प्रचार व्यापक हो। साथ ही भाषा की संवेदनशीलता ऐसी हो कि वह लोगों के मन से सामंजस्य स्थापित कर ले। हिन्दी में यह सर्वव्यापकता है।

हिन्दी भारतीय जन-मानस की एक ऐसी ही भाषा है जो लोगों के दिलों से करीब से जुड़ी हुई है तथा अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम बनी हुई है। देश के सभी कोनों में इस भाषा की सहायता से आप संवाद कर सकते हैं। लोग हर जगह कम-से-कम आम बोल-चाल हिन्दी में करने में सक्षम हैं। यह और भी प्रासंगिक है क्योंकि भारत में यह कहावत - "कोस-कोस पर पानी बदले, चार कोस पर बानी," शत-प्रतिशत सही है।

स्वतन्त्रता संग्राम के समय से हिन्दी राष्ट्र को जोड़ने एवं जन मानस के विचारों को संगठित आवाज देने का कार्य कर रही है। पराधीनता जैसी समस्या का समाधान समग्रता की मांग करता था। ऐसी समग्रता जहां विचारों का संयोजन एवं आंदोलनों का संचालन एकीकृत तरीके से समन्यवय से समयबद्ध सीमा में हो। लोग भाषा की भिन्नता के आधार पर देश एवं जन-मानस के सम्पूर्ण हितों पर विभाजित रास्ते न अपनाये। हिन्दी अंतर्विरोधों एवं सामाजिक पदानुक्रम को हाशिये पर रख कर सामाजिक सरोकारों को सर्वमान्य कर आगे बढ़ी। सांमती सोच को दबाया तथा वैचारिक मुक्ति का सूत्रपात किया है।

हिन्दी की लोकप्रियता का प्रमाण है कि "गूगल" (इंटरनेट सर्च इंजिन) हिन्दी में उपलब्ध होने के साथ ही साथ ज़्यादातर कृतियों एवं अवधारणाओं का हिन्दी रूपांतर उपलब्ध करा रहा है। इस वैश्वीकरण की दौड़ में राष्ट्रीय अभिमान एवं मूल्यों को सुरक्षित रखा जा रहा है तो इसमें हिन्दी की महती भूमिका है। इसी कारण विदेशों में प्रवासी भारतीयों द्वारा हिन्दी के समाचार एवं मनोरंजन के टी.वी. चैनल प्रसिद्ध हैं तो

आस्था एवं संस्कार चैनलों की भी लोकप्रेयता कम नहीं।

विडंबना यह है कि हिन्दी प्रसार को अंग्रेजी विरोधी मुहिम से जोड़ दिया जाता है। आधुनिक युग में तकनीकों के विकास में अंग्रेजी की प्रमुखता कहीं भी वैचारिक एवं व्यवहारिक विकासों के लिए हिन्दी के आगे चुनौती बन कर आ रही हो, ऐसा नहीं है। हर भाषा की अपनी-अपनी पहचान एवं उपयोगिता होती है तथा अपनी-अपनी ऐतहासिक धरोहर। संदर्भों को अति विस्तारित कर जोड़ना हमेशा विरोधाभास को ही प्रलक्षित करेगा। लेकिन औपनिवेषिक या वैश्वीकरण के कारण हिन्दी को हीनभाव से देखने की मानसिकता निन्दनीय है। अंग्रेजी वर्चस्व की भाषा बनी रहे लेकिन जरूरी नहीं कि यह जन मानस के लिए श्रेष्ठताबोध की भाषा भी रहे। दिल से जुड़ने एवं आत्मीय हितों को साधने के लिए हम अभी भी हिन्दी की उपयोगिता समझते हैं और इस समझ के कारण हीनता का विचार नहीं आना चाहिए।

14 सितम्बर को सरकारी आयोजनों द्वारा हिन्दी प्रसारित एवं प्रभावी बनाने के लिए "हिन्दी दिवस" के रूप में मनाया जाता है। सरकार द्वारा साहित्यिक आयोजनों के लिए प्रोत्साहन राशि भी भरपूर स्वीकृत की जाती है तथा मनलुभावने कार्यक्रम भी प्रायोजित किये जाते है। आवश्यकता इस बात की भी है कि इन प्रायोजनों के साथ-साथ लोग इस भाषा की धनाढ्यता एवं मिठास को भी प्रसारित करने में हाथ बटायें तो अपने आप यह भाषा लोगों की चाहत का पात्र बन जायेगी। इसके लिए गणमान्य हिन्दी साहित्यकारों के रचनात्मक दृष्टिकोण को राष्ट्रीय मीडिया में जगह देनी होगी। समाचार चैनलों पर प्रभावशाली वक्ताओं को समय देना होगा न कि सिर्फ राजनीतिक हैसियत वाले लोगों को। ज्यादातर समाचार चैनल प्राइवेट मीडिया हाउस के पास हैं अतः गैर सरकारी प्रयास की भी महत्वपूर्ण भूमिका बनती है।

कभी-कभी हिन्दी को लेकर नाहक ही यह विवाद खड़ा करने की कोशिश की जाती है हिन्दी अन्य मूल तथा दक्षिण भारतीय भाषाओं के विकास में बाधा उत्पन्न करती है। यह कैसे संभव है। हर भाषा की अपनी पहचान होती है। आदिवासियों द्वारा बोली जाने वाली भाषा अपने आप में महत्वपूर्ण है। यह उनकी अस्मिता एवं संस्कृति का प्रतीक है। पीढ़ी दर पीढ़ी एवं उनकी सभ्यता के विकास की उनकी भाषा ही साक्षी होती है। इनको चुनौती हर तरीके से नकारा है। जरूरत सिर्फ इस बात है कि मनुष्यों को एक दूसरे से संवादों के आदान-प्रदान के लिए कोई एक आम सतह मिले तथा अपनी प्रसार एवं प्रासंगिकता के कारण हिन्दी ऐसा एक सशक्त माध्यम अवश्य है।

हिन्दी की बुनियादी प्रवृत्ति एकीकृत करने की है। यह भाषा रूढ़ियों को बर्दाश्त नहीं करती, न ही गतिरोध पैदा करने वाले विचारों को जो भाषा के विकास में अवरोध पैदा करते हैं। यही कारण है कि इस भाषा के अनेक स्वरूप हैं- खड़ी बोली में भोजपुरी-सबकी जननी है तथा सभी भाषाओं में इसके शब्दों ने अपनी जगह बनायी है तो वहीं सभी भाषाओं के शब्दों को हिन्दी ने स्वीकारा है। हिन्दी ने परिवर्तनशीलता को पहचाना है तथा यह विकासोन्मुख भी है। उत्सवधर्मिता इस भाषा की नैसर्गिक प्रकृति है तथा लोगों के लिए आनन्द एवं सुख की परिकल्पना इसका धर्म है। ऐसी

“हिन्दी” को साल भर उत्सव के तौर पर प्रस्तुत कर सेलेब्रेट करना चाहिए।

हिन्दी तो भारतीयों के लिए एक प्रार्थना की तरह है। इसके बोलने, सुनने, वाचने सब में आध्यात्मिक सुख की अनुभूति होती है। यह हमें हमारी स्वतंत्रता की याद दिलाती है। यह हमें आपस में प्रेम का आभास कराती है एवं विशालता का भी जन मानस के प्रति सहृदयता एवं सम्मान सिखलाने वाली हिन्दी का सौंदर्य आत्ममुग्ध करता है। हिन्दी भारतीय बौद्धिकता एवं नैतिकता की एक पहचान है। शिक्षा एवं आर्दशों का प्रतीक है तथा विचारों के सशक्तिकरण का माध्यम भी है। आज चारित्रिक एवं नैतिक पतन के दौर में भी हिन्दी एक ऐसी भाषा है जो हमें संस्कारों एवं मूल्यों से जोड़ने में सक्षम है तथा मानवीय सरोकरों के प्रति संवेदना जागृत करने में दक्ष भी। देश के नव-निर्माण के साथ ही साथ चारित्रक मूल्यों को स्थापित करने में हिन्दी की भूमिका निरंतर सक्रिय तौर पर बनी रहेगी। ऐसी भाषा के प्रति हृदय से समर्पित।

संसदीय राजभाषा समिति

- महिपाल सिंह रावत
हिन्दी अधिकारी, महानिदेशालय

संसदीय राजभाषा समिति का गठन 1976 में राजभाषा अधिनियम 1963 की धारा 4 के अंर्तगत किया गया है। इस समिति में लोक सभा से 20 सदस्य और राज्य सभा से 10 सदस्य होते हैं। जो क्रमशः लोक सभा के सदस्यों तथा राज्य सभा के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचित होते हैं। इस समिति का कर्तव्य होगा कि वह संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए हिन्दी के प्रयोग में की गई प्रगति का पुनर्विलोकन करें और उस पर अपनी सिफारिशें करते हुए राष्ट्रपति को रिपोर्ट प्रस्तुत करे जिसकी प्रति राज्य सरकारों को उनकी टिप्पणी के लिए भी भेजी जाती है।

राजभाषा नीति के विभिन्न पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए समिति ने अपना प्रतिवेदन खण्डों में प्रस्तुत करने का निश्चय किया था। समिति ने अपनी रिपोर्टों में केन्द्रीय सरकार के कार्यालय में अनुवाद व्यवस्था, हिन्दी में पारिभाषिक शब्दावली का निर्माण तथा उपयोग, अनुवाद कार्य के लिए सक्षम उपयुक्त अधिकारियों की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण तथा पुनश्यर्चा पाठ्यक्रम, कार्यालयी कामकाज में यांत्रिक आवश्यकता और उपयोगिता तथा उनमें देवनागरी लिपि में कार्य करने की व्यवस्था, प्रशिक्षण, आकाशवाणी/दूरदर्शन में हिन्दी पाठ्यों का प्रसारण, भर्ती के लिए हिन्दी में साक्षात्कार का विकल्प, कृषि,

इंजीनियरिंग तथा आयुर्विज्ञान की भर्ती व प्रवेश परीक्षाओं में हिन्दी माध्यम का विकल्प, देश के विभिन्न भागों में स्थित सरकारी कार्यालयों और उपकरणों में राजभाषा प्रयोग की स्थिति के संबंध में उप समितियों द्वारा किए जाने वाले निरीक्षण, विभिन्न न्यायालयों और न्यायाधीकरणों में प्रयोग की जाने वाली भाषा, केन्द्रों और राज्यों के मध्य प्रयुक्त होने वाली पत्राचार की भाषा आदि विषय सम्मिलित हैं।



संसदीय राजभाषा समिति एक सर्वोच्च संवैधानिक समिति है जिसका अध्यक्ष गृह मंत्री होते हैं, जो प्रतिवर्ष केन्द्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विभागों, कार्यालयों और सार्वजनिक उपकरणों आदि में राजभाषा हिन्दी की प्रगति का निरीक्षण करती है। इस प्रयोजन के लिए तीन उप समितियां गठित की गई हैं। इन्हें अलग-अलग मंत्रालयों का

निरीक्षण करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ये समय-समय पर निरीक्षण करती हैं। संसदीय राजभाषा की पहली उप समिति गृह मंत्रालय से समितियां संबंधित कार्यालयों का निरीक्षण करती हैं। प्रत्येक उप समिति में 10 सांसद होते हैं जिसमें वरिष्ठतम सांसद उपाध्यक्ष या संयोजक के रूप में कार्य करता है। निरीक्षण करने संबंधी सूचना संबंधित कार्यालयों को फैक्स या स्पीड पोस्ट द्वारा निरीक्षण की तिथि से लगभग 15-20 दिन पूर्व सूचित कर दी जाती है। इस निरीक्षण में समिति के सदस्यों के अतिरिक्त समिति कार्यालय के पदाधिकारी, संबंधित मंत्रालय के अधिकारी और मुख्यालय के नामित अधिकारी भाग लेते हैं। इस निरीक्षण की कार्रवाई काफी विस्तृत होती है। जिसकी तैयारी में भी अधिक समय लगता है। निरीक्षण की सूचना मिलने पर एक वरिष्ठ अधिकारी को संपर्क अधिकारी नियुक्ति किया जाता है, जिसका पूरा नाम, पदनाम, घर का पता, कार्यालय तथा घर का दूरभाष संख्या, मोबाइल संख्या, फैक्स संख्या की जानकारी शीघ्र समिति सचिवालय को यथाशीघ्र भेजी जाती है। जिनसे समिति सचिवालय के अधिकारी निरीक्षण के संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी किसी भी समय प्राप्त कर सकें। इसी प्रकार मंत्रालय और मुख्यालय के प्रतिनिधियों तथा निरीक्षण होने वाले कार्यालय के उक्त निरीक्षण में भाग लेने वाले अधिकारियों के नाम समिति सचिवालय को भेजा जाता है। निरीक्षण में शामिल होने वाले अधिकारियों एवं कार्मिकों की नेम प्लेटें भी तैयार की जाती हैं। यदि एक केन्द्र में एक से अधिक कार्यालयों का निरीक्षण होना है तो उन कार्यालयों के अधिकारी परस्पर बैठक करके निरीक्षण स्थल, समिति के सदस्यों एवं पदाधिकारियों के परिवहन, आवास, भोजन, दूरभाष, स्वागत, बेनर आदि के संबंध में निर्णय लेते हैं। समिति के सदस्यों की मर्यादा के अनुकूल सभी व्यवस्थाएं की जाती हैं। समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों के लिए ठहरने की व्यवस्था करते समय इस बात का भी ध्यान रखा जाता है कि समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों के आवास की व्यवस्था इस प्रकार की जाए कि भोजन की व्यवस्था भी उसी परिसर में एवं वरीयतन उसी मंजिल पर उपलब्ध हो।

इस निरीक्षण हेतु समिति सचिवालय द्वारा एक निरीक्षण प्रश्नावली तैयार की गई है, जिसे राजभाषा विभाग की वेबसाइट www.rajbhasha.gov.in और www.rajbhashasamiti.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इसमें निरीक्षित किए जाने वाले कार्यालयों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नफरी, प्रशिक्षण, हिन्दी, में कार्य का प्रतिशत, हिन्दी पत्राचार की स्थिति, राजभाषा नियम एवं अधिनियम के प्रावधानों का अनुपालन, जांच बिन्दु, कम्प्यूटरों की उपलब्धता एवं उनमें हिन्दी में कार्य करने की सुविधा, रजिस्टरों एवं सेवा पुस्तिकाओं में प्रविष्टियां, शब्दकोशों एवं शब्दावलियों की उपलब्धता, बैठकों के कार्यवृत्त एवं निरीक्षण रिपोर्ट हिन्दी में तैयार करने की स्थिति, विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं पर अमल करने, वार्षिक कार्यक्रम की उपलब्धता एवं विचार-विमर्श, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकों के आयोजन, कार्यालय/मुख्यालय द्वारा अधीनस्थ कार्यालयों का निरीक्षण, हिन्दी में दिवस-पखवाड़े का आयोजन, हिन्दी पुस्तकों की खरीद पर पुस्तकालय अनुदान का 50 प्रतिशत व्यय करने की स्थिति आदि की जानकारी दर्शायी जाती है

एवं इसके अतिरिक्त संबंधित मंत्रालय व मुख्यालय को भी प्रश्नावली संलग्न की जाती है। निरीक्षण स्थल पर रजिस्टरों, फाइलों, मोहरों, मैनुअलों, हिन्दी पुस्तकों, शब्दकोशों और शब्दावलियों आदि की प्रदर्शनी भी लगाई जाती है।

इस निरीक्षण की कार्यवाही गुप्त होती है, जिसे समिति का रिपोर्टर स्वयं दर्ज करता है। निरीक्षण की अध्यक्षता वरिष्ठतम सांसद द्वारा की जाती है। प्रारम्भ में वे अपने सदस्यों का परिचय कराते हुए संसदीय राजभाषा समिति के संबंध में जानकारी देते हैं। तत्पश्चात अनुमति प्रदान करने पर संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा मंत्रालय, मुख्यालय और कार्यालय के अधिकारियों से समिति को परिचय कराया जाता है और अपने कार्यालय के इतिहास की संक्षिप्त एवं अन्य विशिष्ट जानकारी दी जाती है। इसके पश्चात निरीक्षण की कार्रवाई प्रारम्भ होती है जिसमें समिति के सदस्यों द्वारा बारी-बारी से निरीक्षण प्रश्नावली में भरी गई जानकारी के संबंध में संबंधित कार्यालय प्रमुख से प्रश्न पूछे जाते हैं। इसी प्रकार मंत्रालय और मुख्यालय के प्रतिनिधियों से भी उक्त प्रश्नावली में संलग्न उनकी प्रश्नावली के संबंध में पूछताछ की जाती है। कार्यालय प्रमुख और मंत्रालय और मुख्यालय के प्रतिनिधि इस निरीक्षण का समापन अध्यक्ष की अनुमति और निरीक्षित किए गए कार्यालय प्रमुख के धन्यवाद भाषण के साथ होता है। इस निरीक्षण पर होने वाला व्यय उस केन्द्र में निरीक्षित होने वाले कार्यालयों द्वारा बराबर वहन किया जाता है। समिति सचिवालय से निरीक्षण रिपोर्ट प्राप्त होने पर एक निश्चित समयावधि के अंदर उसकी अनुपालना उन्हें अवश्य भेज देनी चाहिए।



हिन्दी बोलने में शर्म नहीं गर्व होना चाहिऐ

हिन्दी, हिन्दी टंकण एवं हिन्दी आशुलिपि प्रशिक्षण

- नि./हि.अनु. ओम प्रकाश शर्मा

हिन्दी शिक्षण योजना के अंतर्गत केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को हिन्दी भाषा, हिन्दी टंकण तथा हिन्दी आशुलिपि का प्रशिक्षण देने के लिए नियमित प्रशिक्षण केन्द्रों/उप केन्द्रों की स्थापना की गई है। देश के विभिन्न स्थानों पर जहां केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी पर्याप्त संख्या में कार्यरत हैं, वहां प्रशिक्षण हेतु आवश्यकतानुसार पूर्णकालिक केन्द्र स्थापित किए गए हैं और जहां प्रशिक्षण के लिए शेष कर्मचारी संख्या पर्याप्त में नहीं है वहां अशंकालिक केन्द्र स्थापित किए गए हैं। आवश्यकतानुसार इन केन्द्रों की संख्या घटती बढ़ती रहती है। इन प्रशिक्षण केन्द्रों की देख-रेख की जिम्मेदारी हिन्दी शिक्षण योजना के क्षेत्रीय उप निदेशकों की है। जहां क्षेत्रीय उप निदेशकों का कार्यालय नहीं है वहां केन्द्र सरकार के स्थानीय कार्यालयों के वरिष्ठ अधिकारियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई हैं जिन्हें सर्वकार्यभारी अधिकारी कहा जाता है। इन अधिकारियों से संपर्क बनाए रखने, उन्हें सहयोग देने तथा मुख्यालय के संपर्क व समन्वय बनाए रखने के लिए नई दिल्ली, चेन्नई, मुबंई, कोलकाता तथा गुवाहाटी में पांच क्षेत्रीय कार्यालय क्रमशः मध्योत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम व पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए स्थापित किए गए हैं।

हिन्दी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का स्वरूप

क्रम सं0. पाठ्यक्रम हिन्दी भाषा का प्रशिक्षण तीन स्तरों पर दिया जाता है।

1. प्रबोध — यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम है जिसका स्तर प्राइमरी स्कूल की हिन्दी के बराबर है। इस प्रशिक्षण की अवधि 25 कार्य दिवस की है।
2. प्रवीण — यह माध्यामिक स्तर का पाठयक्रम है जो मिडिल स्कूल की हिन्दी के बराबर है। इसकी अवधि 20 कार्य दिवस की है।
3. प्राज्ञ — यह अंतिम पाठयक्रम है और इसका स्तर हाई स्कूल की हिन्दी के बराबर है।
4. हिन्दी टंकण — जो हवलदार (मंत्रा0), सउनि (मंत्रा0) अंग्रेजी टंकण की परीक्षा उत्तीर्ण करके सेवा में आए हैं, वे इस प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं। इस प्रशिक्षण की अवधि 40 कार्य दिवस की है।
5. हिन्दी आशुलिपि — जो सउनि (आशु0)/उ0नि0 (आशु)/निरी0 (आशु0), सू0मे0 (आशु0) अंग्रेजी आशुलिपि की परीक्षा उत्तीर्ण करके सेवा में आए हैं, वे इस प्रशिक्षण के लिए पात्र हैं। इस प्रशिक्षण की अवधि 80 कार्य दिवस की है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में हिन्दी प्रशिक्षण की व्यवस्था

केन्द्रीय सरकार की राजभाषा नीति को कारगर तरीके से कार्यान्वित करने हेतु बल में हिन्दी प्रशिक्षण के प्रति विशेष ध्यान दिया जाता हैं। हिन्दी भाषा, हिन्दी टंकण

एवं हिन्दी आशुलिपि प्रशिक्षण के लिए शेष पात्र अधिकारियों एवं कर्मचारियों की नामावली प्रति वर्ष बल के अधीनस्थ कार्यालयों से प्राप्त करके यथासमय प्रशिक्षण हेतु सीट आबंटित कराने के लिए समेकित मांग दिल्ली स्थित केन्द्रीय हिन्दी प्रशिक्षण संस्थान के अलावा हैदराबाद, मुबंई, चेन्नई बैंगलौर, कोलकाता स्थित उप-प्रशिक्षण संस्थानों को भेजकर सीटें आबंटित कराई जाती हैं तथा महानिदेशालय (हिन्दी अनुभाग) द्वारा इसका नियमित रूप से मॉनीटरन किया जाता है।

उपर्युक्त प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने वाले कर्मचारियों को सरकारी अनुदेशों के अनुसार प्रोत्साहन भी प्रदान किए जाते हैं। कर्मचारियों को हिन्दी प्रशिक्षण दिलाए जाने के फलस्वरूप बल में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने में आशातीत सफलता मिली है। वर्ष 2012-13 के दौरान प्रशिक्षित कराए गए बल के कर्मचारियों का विवरण निम्नानुसार है :–

क्रम सं0	पाठ्यक्रम	प्रशिक्षण कराए गए कर्मचारियों की संख्या
1.	हिन्दी भाषा (प्रबोध, प्रवीण एवं प्राज्ञ)	35
2.	हिन्दी टंकण	216
3.	हिन्दी आशुलिपि	03

हिन्दी मौसी

- अनिल गुप्ता
द्वि.कमा.अधि. *175* बटालियन

कल मेरी मुलाकात हिन्दी मौसी से हो गयी। पिछले साल मिली थी इन्हीं दिनों, फिर कहीं गुम हो गयी थी। सुना है उसे सामने आना ज्यादा पसंद नहीं है, इसीलिए पुरातन पोथियों ग्रंथों में जा कर कहीं छिप गयी है। पहले तो मैंने पहचाना ही नहीं बूढ़ी, मरीज, जर्जर शरीर, मगर उस के चहेतों ने उसे पूरे साज श्रृंगार, उसकी पुरातन सहेलियों संस्कृत, प्राकृत आदि के साथ संजो कर रखा है और उसी रुप में उसे पेश करते हैं, उसी रुप में उसे पसंद करते हैं। बेचारी हिन्दी मौसी आज के जमाने में अपनी यह दुर्दशा देख कर खुद ही सिमटी, संकुची जा रही हैं। आज राज हैं उस की नाती पोती हिन्दी का, जिस की सहचरी है इंग्लिश, फ्रेंच, स्पेनिश। भला ये नाती पोतियां अपनी दादी नानी हिन्दी को क्या समझें। मगर मेरे जैसे बीच के लोग जिन की गिनती ना जवानों में है न बूढों में है, न जाने क्यों हिन्दी मौसी को जिलाए रखना चाहते

हैं, उसका खूब सम्मान करते हैं, जबरदस्ती संस्कृत, प्राकृत से उसका श्रृंगार करते हैं। माफ करें, कहना ज्यादती है, मगर कभी कभी तो हमारा यह प्रेम मौसी बेचारी को बूढ़ी घोड़ी लाल लगाम वाली कहावत तक ला खड़ा करने की गुस्ताखी कर डालता है।

उस की नाती पोतियां दूर खड़ी उसकी दुर्दशा पर हंसती रहती है, बेचारी मौसी कहते कहते हार जाती है, भैया इन लोगों का जमाना है, इनके हिसाब से चलने दो, हमारी जरुरत और अहमियत इतिहास और संदर्भ तक ही है, हमें वहीं रहने दो। मगर उफ! हम तो इतने दिवाने हैं अपनी हिन्दी मौसी के कि हमने ठान लिया है कि हम उसे उसकी नाती पोती हिन्दी के साथ ही खड़ा कर के उन से उसका मुकाबला करवाएंगे और उसकी भद्द पिटवाएंगे और वही कर रहे हैं। लिहाजा नाती पोती हिन्दी का तो कुछ नहीं बिगड़ रहा, वो तो अपने लिए नित नये बाजार और आयाम खोजती जा रही है, मगर मुसीबत बूढ़ी हिन्दी मौसी की है, जिसका बुढ़ापा हम अपनी कोशिशों से ख़राब किये दे रहे हैं।




बाकायदा लोग नियुक्त हैं, रात दिन कोशिशें हो रहीं हैं, विचार मंथन चल रहे हैं, क्या करें, क्या दवा दें कि हिन्दी मौसी फिर से अपने पुराने जलवे को प्राप्त हो, और आज राज कर रही अपनी नाती पोती हिन्दी को मुकाबले से बाहर कर फिर अपने सिंहासन पर जलवा फरोश हो।

जरा कल्पना कीजिए बीते जमाने की बूढ़ी विलुप्त फिल्मी हिरोइन लीप पोत कर

आज की हिरोइनों के मुकाबले आ खड़ी हो तो हश्र क्या होगा। मुकाबला तो ख़ैर क्या होगा हमारी हिन्दी मौसी के प्रति हमारा ये अगाध प्रेम उसके सम्मान को और धूल धूसरित कर देगा।

मज़ा तो ये है कि हम जिन लोगों के सामने हिन्दी मौसी को स्थापित करना चाह रहे हैं, वो खुद मौसी के इस रुप से परिचित नहीं हैं। उनका उठना बैठना, समझना बोलना तो मौसी की नाती पोतियों के ही साथ है। वही उन्हें भाती हैं, वही सहज सुगम हैं, इसीलिए सर्वत्र उपलब्ध और स्वीकृत भी हैं। लिहाजा जब हम अंग्रेजी आंटी की बात समझाने का जिम्मा हिन्दी मौसी के हवाले करते हैं तो बेचारी हिन्दी मौसी महज खानापूरी के लिए सरकारी कागजों में उपस्थित हो कर रह जाती हैं, वरना देखता तो कोई उसकी तरफ मुंह उठा कर भी नहीं। अंग्रेजी आंटी के ग्लैमर के मुकाबले भला उसकी क्या बिसात। अंग्रेजी आंटी के भारी भरकम व्यक्तित्व का मुकाबला तो नाती पोती हिन्दी ही कर सकती हैं, जमकर कर भी रहीं हैं, और मौसी के परचम को सात समंदर पार कर लहरा रही हैं। अंग्रेजी आंटी ने देश में जो अपने बीपीओ खोले हैं, दूसरे ठिकाने स्थापित किए हैं, उन्हें तो हिन्दी मौसी की नाती पोती हिन्दी ही चला सकती हैं, क्योंकि उसने जमाने के चलन के साथ-साथ अंग्रेजी आंटी की गटर-पटर भी सीख ली हैं और उसे उसी भाषा में जवाब भी दे रही हैं। अब हिन्दी मौसी अपनी दुर्दशा के लिए अंग्रेजी आंटी को कोसती भी हैं, तो अंग्रेजी आंटी को समझ ही नहीं आता कि वह क्या कह रही हैं।



हिन्दी मौसी के आवरण, व्यक्तित्व और चरित्र में एक देवीय आलोक है, पवित्रता है, वो सूर के पदों, तुलसी की चौपाईयों और मीर की गजलों में राज करती है, वही उसका स्थान है, वहीं इतिहास है, वही उसका संदर्भ है, वो वहीं शोभायमान है। हमें उसे वहीं रहने देना चाहिए, अगर हम आज उसे उसी रुप में अंग्रेजी के मुकाबले खड़ा करें तो यह उसके साथ अन्याय होगा। और अपने दफतरों में जाने अनजाने यह अन्याय हम उसके साथ रोज कर रहें हैं। और जब वह इस मुकाबले में खड़ी नहीं हो

पा रही तो प्रोत्साहनों और स्कीमों के विटामिनों की ओवरडोज उसे पिलाते जा रहें हैं। परिणामतः उसका स्वरुप बिगड़ता जा रहा हैं, नतीजा यह निकल रहा है कि अंग्रेजी आंटी के दिवानों की तो छोड़ो खुद हिन्दी की नाती पोतियां उसे नहीं पहचान पा रही हैं कि हमारी परंपरा की मूल ये हिन्दी मौसी हैं, इतने भारी भरकम संस्कृत, प्राकृत और शब्दकोषों में दबे छिपे दुर्लभ शब्दों से अलंकृत।

मनुष्य की ही तरह भाषा भी अगली पीढ़ी को अपना दायित्व, अपनी परंपरा और अपना अस्तित्व भी सौंप देती है। और चालू पीढ़ी परंपरा में मिली विरासत को समय के अनुसार अपने अनुकूल ढाल लेती हैं, जरुरत के मुताबिक उसका विकास कर लेती है, उसका रुप बदल देती हैं। और इस तरह यह सफर चलता रहता है। हर अगली पीढ़ी अधिक प्रसंस्कृत, परवर्धित, अधिक विकसित, अधिक ग्राह्य और अधिक जमाने के अनुकूल हो कर सामने आती हैं।

बाज़ार इस बात को समझता है इसलिए उसने अगली पीढ़ी की हिन्दी को अपने अनुरुप ढाल लिया है। अखबार, टीवी, फिल्में सब इसके ज्वलंत उदाहरण हैं। इसमें कुछ गलत नहीं हैं, हम स्वयं अपने बच्चों को ज़माने का मुकाबला करने के लिए उसी के अनुरुप ढालते पालते हैं। मगर यह बात दफतरों में हमारी समझ में नहीं आ रही, जिस तरह घर के कुछ बुजुर्गों को जवान लड़कियों का जीन्स, स्कर्ट पहनना, लड़कों से बात करना रास नहीं आता, उसी प्रकार हमें आज की हिन्दी का उन्मुक्त विचरण रास नहीं आ रहा, हमें लगता है अंग्रेजी और अन्य भाषाओं से सहचरी कर वह भ्रष्ट हो गई है, उसने अपना वास्तविक स्वरुप खो दिया हैं। हम उसे दिल्ली के किसी मार्डन कालेज में घाघरा चोली घूंघट वाली लड़की के ही रुप में देखना चाहते हैं। सोचिए यह कितना सही है।

(लेखक की यह टिप्पणी सरकारी दफ्तरों में अनुवाद के नाम पर हो रहे भावानुवाद की जगह शाब्दिक अनुवादों पर है।)

तनाव मुक्त जीवन के लिए अट्ठारह सुनहरे सिद्धान्त

- अशोक कुमार कनौजिया,
पुलिस उप महानिरीक्षक,
ग्रुप केन्द्र, अमेठी।

1. जीवन की हरेक घटना में किसी-न-किसी रूप से आपको लाभ ही होता है।

सदैव प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से होने वाले लाभ के बारे में ही सोचिए।

2. भूतकाल में की हुई गलतियों का पश्चाताप न करें तथा भविष्य की चिन्ता न करें। वर्तमान को सफल बनाने के लिए पूरा ध्यान दीजिये। आज का ही दिन आपके हाथ में है।

3. आज आप रचनात्मक कार्य करेंगे तो कल की गलतियाँ मिट जाएंगी और भविष्य में अवश्य लाभ होगा।

4. आप अपने जीवन की तुलना में औरों के साथ करके चिन्तित न हों। क्योंकि इस विश्व में आप एक अनोखे और विशिष्ट व्यक्ति हैं। इस विश्व में आपके जैसा और कोई नहीं है।

5. सदैव याद रखिये कि आपकी निन्दा करने वाला आपका मित्र है जोकि आपसे बिना मूल्य लिए एक मनोचिकित्सक की भाँति आपकी गलतियों व खामियों की तरफ आपका ध्यानाकर्षण करता है।

6. आप दुःख पहुँचाने वाले को क्षमा कर दीजिए और उसे भूल जाइए।

7. सभी समस्याओं को एक साथ सुलझाने का प्रयत्न करके उलझिए नहीं। एक समय पर एक ही समस्या का समाधान कीजिए।

8. जितना हो सके, दूसरों के सहयोगी बनने का प्रयत्न करें। दूसरों के सहयोगी बनने से आप अपनी चिन्ताओं को अवश्य भूल जाएंगे।

9. आने वाली समस्याओं को देखने का दृष्टिकोण बदलें। दृष्टिकोण को बदलने से आप दुःख को सुख में बदल सकेंगे।

10. जिन परिस्थितियों को आप नहीं बदल सकते, उनके बारे में सोचकर दुःखी न हों। याद रखें कि समय एक श्रेष्ठ औषधि है।

11. यह सृष्टि एक विशाल नाटक है जिसमें हम सभी अभिनेता हैं। हरेक अभिनेता अपनी श्रेष्ठ भूमिका निभा रहा है। इसलिए किसी के भी अभिनय को देखकर चिन्तित न हों।

12. बदला न लें, लेकिन पहले स्वयं को बदलने का प्रयत्न करें। बदला लेने की इच्छा से तो मानसिक तनाव ही बढ़ता है, इसलिए स्वयं को बदलने का लक्ष्य रखने से जीवन में प्रगति होती है।

13. ईर्ष्या न कीजिए, परन्तु ईश्वर का चिन्तन कीजिए। ईर्ष्या करने से तो मन जलता है परन्तु ईश्वर का चिन्तन करने से मन असीम शीतलता का अनुभव करता है।

14. खुशी देने से खुशी बढ़ती है इसलिए सभी को खुशी देने का प्रयास करें। कभी किसी को दुःख देने का विचार भी मन में न लाएं।

15. जब आप समस्याओं का सामना कर रहे हों तब ऐसा सोचें कि यह आपके भूतकाल के कर्मो का हिसाब चुकता हो रहा है।

16. आपके अन्दर सूक्ष्म अहंकार भी मन की स्थिति में असन्तुलन पैदा कर देता

है। इसलिए उस सूक्ष्म अहंकार का भी त्याग करें। याद रखें कि आप खाली हाथ आए थे और खाली हाथ ही वापस जाएंगे।

17. दिन में चार-पाँच बार दो-दो मिनट के लिए अपने संकल्पों को साक्षी होकर देखने का अभ्यास-चिन्ताओं से मुक्त रखने में सहायक सिद्ध होता है। आप अपनी सभी चिन्ताएं परमपिता परमेश्वर पर छोड़ दें।

18. हर रोज थोड़े समय के लिए ही सही ईश्वर की आराधना में ध्यान लगाएं। ध्यान-योग के अभ्यास से जो मानसिक व शारीरिक बदलाव आते हैं वे तनाव एवं चिन्ताओं को दूर करके स्वास्थ्य में वृद्धि करते हैं।

हिन्दी के प्रचार-प्रसार में बल की भूमिका

- नि./हिं.अनु. अनिल शर्मा
त्रिपुरा सैक्टर,

भारत क्षेत्रफल, आकार और जनसंख्या के हिसाब से विविधताओं से ओत-प्रोत है। हमारी संस्कृति व भाषा तो कुछ-कुछ मील की दूरी पर ही बदलती देखी गई है।

देश में इतनी बोलियां हैं जिनकी सही-सही गणना भी कठिन है। इन विभिन्नताओं और अलग-अलग प्रकार के मोतियों को एक सुन्दर हार का स्वरूप देती है हमारी हिन्दी भाषा। चाहे हम देश के सुदूर पूर्व में जायें अथवा पश्चिम में, उत्तर में देखें अथवा दक्षिण में भ्रमण करें हमें हिन्दी बोलने तथा समझने वाले सर्वत्र सहज रूप से मिल जायेंगे। इसी से किसी भाषा के विस्तार एवं शक्ति की पहचान होती है। भारत के किसी भी क्षेत्र का कोई भी भाषा-भाषी हो वह आसानी से हिन्दी अवश्य बोल और समझ सकता है।

जहां तक हिन्दी के प्रचार-प्रसार और उसकी बढ़ोत्तरी में बल की भूमिका का प्रश्न है तो इस कार्य में बल सदैव अग्रणी रहा है। हम केन्द्रीय रिजर्व पुलिस के सदस्य होने के नाते इस बात से पूरी तरह परिचित हैं कि हमारे बल ने हिन्दी के विकास और प्रचार-प्रसार में अन्य संगठनों की अपेक्षा बेहतर योगदान दिया है। बल में किसी भी पद पर भर्ती उपरांत आने वाला अहिन्दी भाषी नवागन्तुक कार्मिक कई तरह की आशंकाओं के साथ प्रवेश करता है। विडंबना ये कि उसे अपने विचार सम्प्रेषित करने के लिये जरूरी हिन्दी भी नहीं आती है। मैस में आते ही वह अपने प्रांतीय भाषी के माध्यम से खाने की थाली को आगे बढ़ाता है और अधिकतर मूक भाषा का ही प्रयोग करता है। उसकी यह अवस्था किसी शिशु के समान होती है जब वह इशारों की भाषा से समझाता है। इस अवस्था में वह खिचड़ी भाषा का अधिकतर प्रयोग करता है और 06 माह के मूल प्रशिक्षण के दौरान ही वह हिन्दी में पारंगत हो जाता है और भाषा के

सभी भावों से परिचेत हो जाता है।

इस प्रकार देश के अनेक भू-भागों में स्थापित इस बल ने समस्त अहिन्दी भाषी कार्मिकों को बिना किसी औपचारिक प्रशिक्षण के हिन्दी बोलना और समझना सिखा दिया और यह प्रक्रिया बल की स्थापना से लेकर अनवरत जारी है।

यह भी स्थापित सत्य है कि केन्द्रीय सरकार के अन्य सिविल कार्यालयों की अपेक्षा चाहे संसदीय राजभाषा समिति का निरीक्षण हो अथवा क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन अधिकारी का निरीक्षण, सभी ने बल के हिन्दी प्रचार-प्रसार की मुक्त कण्ठ से सराहना की है और कई अवसरों पर बल को सम्मानित किया गया है।



भारतीय संस्कृति पर पश्चिमी प्रभाव

- पवित्र चक्रवर्ती
सहायक कमाण्डेंट, (आईटी)
महानिदेशालय

भारतीय संस्कृति, जो संसार में प्राचीनतम कही जाती है, ने न केवल तमाम उतार-चढाव देखे हैं बल्कि उन सबके बावजूद भी वह आज तक अपनी दृदता, विविधता एवं नवोन्माद के लिए अपनी सार्थकता प्रमाणित कर रही है। किसी भी संस्कृति को आत्मसात करने की हमारी क्षमता आज किसी प्रमाण के लिए लालायित नहीं है। हममें कुछ तो ऐसी बात है कि इतनी विविधता होने के बाद भी हम अपनी विविधता, अपना मूल नहीं भूले हैं।




इतिहास गवाह है कि हम पर आक्रमण करने वाले अधिकांश पश्चिमी देशों से ही आए थे एवं बाद में यहीं आकर बस गए। यहाँ रहते हुए उन्होंने हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति सीखी न कि हमने उनकी और जो हमारी संस्कृति से तालमेल नहीं बैठा पाए उन्हें अंततः वापस जाना पड़ा। भारतीय संस्कृति की अपनी ही एक पहचान है, एक गरिमा है जिसे वह किसी भी शर्त पर खो नहीं सकते।

वर्तमान परिपेक्ष्य में यदि देखा जाए तो कई लोग पश्चिमी देशों के भारत पर बदलते प्रभाव से विचलित एवं चिंतित हैं। परंतु मेरी दृष्टि में वे लोग तथ्य से पूर्णतः वाकिफ नहीं है। किसी भी विचार, प्रभाव एवं संकल्पना के दो पहलू हो सकते है। पहला सकारात्मक दूसरा नकारात्मक। यह व्यक्ति की मानसिकता, उसके वैचारिक स्तर तथा उसके परिवेश पर निर्भर करता है कि वह उस विचार, प्रभाव या संकल्पना को किस नजरिए से देखता है।

जैसे उदाहरणार्थ, नाभिकीय विज्ञान के विकास के समय दो विचार उपजे थे पहला, यह कि इसका इस्तेमाल उन्नति की दिशा में हो तथा दूसरा, कि यह विध्वंसक हो। जिन लोगों को लगा कि यह विकास का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन सकता है उन्होंने उसे उस परिपेक्ष्य में लिया तथा जिन्हें लगा कि यह विनाशक हो सकता है उन्होंने उस रूप में इसका उपयोग किया बात वहीं तक आकर रूक जाती है कि व्यक्ति का दृष्टिकोण किस प्रकार का है। हमें पश्चिमी प्रभाव से घबराने की कतई आवश्यकता

नहीं है वरन आवश्यकता है सतर्क रहने की। क्योंकि हमें अवसर का लाभ उठाना चाहिए। चूंकि पश्चिमी देश अधिकांशतः विकसित हैं अतः हम उनकी तकनीकों, उनके विकास कार्यों एवं उनके अनुभवों का उपयोग अपने हित में कर सकते हैं। आज युवा पीढ़ी पर सबसे अधिक जिम्मेदारी है। उन्हें अपने इतिहास पुरूषों एवं अपनी संस्कृति, सभ्यता से प्रेरणा लेनी होगी एवं साबित करना होगा कि कीचड़ में कमल आज भी खिलता है।



अनुवाद में सही पर्याय का चयन और समुचित वाक्य विन्यास

- नि./हिं.अनु. संतोष कुमार,
ग्रुप केन्द्र, पुणे

कार्यालय में कार्य करते हुये हमें यह जानना बहुत जरुरी है कि प्रशासनिक अनुवाद में सही पर्यायो का चयन कैसे किया जाए तथा इस कार्य में किन बातों का मुख्य रुप से ध्यान रखा जाए। इसके लिए सही पर्याय चयन और उपयुक्त अभिव्यक्ति आवश्यक है।

सरकारी, गैर सरकारी कामकाज में हिन्दी भाषा का प्रयोग बढ़ाने में अनुवाद मुख्य भूमिका निभाता है, परन्तु अधिकतर सभी नियम पुस्तकों/मूल नियमों/पूरक नियमों, सामान्य वित्तीय नियमावली आदि बुनियादी नियम–पुस्तकों का सहज और सरल भाषा में प्रमाणिक हिन्दी अनुवाद देखने को नहीं मिलता है। इस वजह से सरकारी कामकाज करने में बहुत कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इसलिए अंग्रेजी नियम-पुस्तकों का सरल तथा स्वाभाविक भाषा में हिन्दी रुपान्तर होना नितांत आवश्यक है ताकि काम करने वाला व्यक्ति इसे आसानी से समझ सके। नियम पुस्तकों का हिन्दी अनुवाद करने में अनेक सावधानियां बरतनी पड़ती है। इसमें अनुवाद बिल्कुल सटीक होना चाहिए। प्रशासन की भाषा विशिष्ट होती है। प्रशासन की भाषा से अपेक्षा की जाती है कि उसमें प्रशासनिक शब्दावली का समुचित प्रयोग, अर्थ की स्पष्टता और सुनिश्चिता, औपचारिकता होने के साथ ही सरलता भी हो, ताकि वह आम लोगों की भी समझ में आ सके।

भाषा की औपचारिकता का निर्वाह

हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि प्रशासनिक भाषा की औपचारिकता का निर्वाह भी पर्याय चयन के संदर्भ में आवश्यक है। उदाहरण के लिए “Deceased” शब्द को ही लीजिए इसका हिन्दी पर्याय मृत, दिवंगत, स्वर्गवासी, परलोकवासी आदि हो सकते हैं। सामान्य अर्थ में इनमें से कोई भी पर्याय प्रयोग किया जा सकता है परन्तु प्रशासनिक भाषा में ‘मृत’ शब्द का ही इस्तेमाल होता है।

इसी प्रकार हिन्दी क्रियाओं आदि का भी आदरसूचक रुप ही प्रयुक्त होगा अन्य रुप नहीं “श्री.....गए/जाएंगे/आए” लिखा जाएगा “गया/जाएगा/आया नहीं”। हमें सही पर्यायों के साथ साथ सही संदर्भ का भी ध्यान रखना चाहिए। यह भी ध्यान रखने की आवश्यकता होती है कि दो या दो से अधिक शब्दों से मिलकर बने पद में सदैव निहितार्थ महत्वपूर्ण होता है, शब्दार्थ नहीं होता। जैसे: -

1 Constitution of Committee
- समिति का संविधान (गलत है)
-समिति का गठन (सही है)
2 Depreciation of Values
-मूल्यों का मूल्यह्रास (गलत है)
-मूल्यहास (सही है)
3 Not exceeding
-ज्यादा नहीं (गलत है)
3 Not exceeding
-अधिक से अधिक (सही है)



इसलिए केवल प्रशासनिक शब्दावली को देख लेना ही काफी नहीं होता है इसके लिए हमें एक से अधिक पर्यायों में सही पर्याय चुनना भी आवश्यक है। अतः उपरोक्त तथ्यों का ध्यान रख कर ही सही अनुवाद किया जा सकता है।

हिन्दी-भारत की शान

- नि./हिं.अनु. मोहन चन्द्र पान्डेय

ग्रुप केन्द्र, रामपुर

भारत विविधताओं का देश है। न केवल भौगोलिक दृष्टि से बल्कि भाषा, बोली, जाति, धर्म तथा मजहब, रूप रंग तथा खान-पान की दृष्टि से भी यहाँ विविधता है। एक ओर जहाँ ऊँचे-ऊँचे पर्वत हैं वहीं दूसरी ओर समतल भूमि है, जहाँ एक ओर मरूस्थल है तो दूसरी ओर उपजाऊ जमीन है। इसी प्रकार एक ओर जहाँ अत्यधिक गर्मी है वहीं दूसरी ओर वर्षभर लोग ठंड से ठिठुरते रहते हैं। प्रत्येक प्रांत में रहने वाले लोग अलग-अलग भाषाएं बोलते हैं तथा विभिन्न धर्मो के अनुयायी हैं। देश में अलग-अलग जाति व धर्मों के लोगों द्वारा अनेक प्रकार के तीज-त्यौहार मनाये जाते हैं इस अनेकता में भी देश में एक सांस्कृतिक एकता है। इस एकता का श्रेय हमारे देश की भाषा, राजभाषा हिन्दी को जाता है। हिन्दी ही देश में एकता का संचार करती है और विविधताओं से भरे भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करती है। देश के स्वतंत्र होने पर 14 सितम्बर, 1949 को देवनागरी भाषा में लिखी हिन्दी को भारत की राजभाषा घोषित किया गया था और भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343(1) में इसको स्थान दिया गया। राजभाषा हिन्दी को देश में लागू करने हेतु भारत सरकार ने 1963 में राजभाषा अधिनियम तथा 1976 में राजभाषा नियम बनाये जिसके अन्तर्गत हिन्दी के प्रयोग हेतु दिशा निर्देश जारी किये और यह प्रयास किया कि भारत सरकार का कार्य देश की भाषा में हो किन्तु अथक प्रयास किये जाने तथा राजभाषा घोषित किये जाने के इतने वर्षों उपरान्त भी हिन्दी अभी भी संघर्ष कर रही है। खुशी की बात यह है कि अब हिन्दी का क्षेत्र सीमित नहीं रह गया है और पहले से काफी विस्तृत हो गया है।



राष्ट्रभाषा किसी भी राष्ट्र की पहचान होती है। जिस प्रकार अमेरिका, कनाडा, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैण्ड तथा इग्लैंड की पहचान अंग्रेजी से, रूस की पहचान रूसी भाषा से, जापान की पहचान जापानी से तथा चीन की पहचान चीनी भाषा से होती है उसी प्रकार भारत की पहचान हिन्दी भाषा से होती है। अतः देश की सम्प्रभुता, गौरव, एकता और अखण्डता कायम रखने के लिए देश की एक भाषा होनी आवश्यक है और वह है हिन्दी। हिन्दी राजभाषा के साथ-साथ संपर्क भाषा भी है। देश के एक छोर का व्यक्ति दूसरे छोर के व्यक्ति से हिन्दी भाषा के माध्यम से जुड़ता है और उससे अपना संवाद कायम करता है। देश में संवाद का माध्यम हिन्दी ही है अथवा प्रान्तीय भाषाएं हैं। जब एक प्रांत का व्यक्ति दूसरे प्रान्त में जाता है तो वहाँ व्यक्ति को अपने प्रांत की भाषा से ऊपर उठकर देश की भाषा में बात करनी पड़ती है। अतः हिंदी हमारे देश की पहचान है और हमें अपनी पहचान को हमेशा आगे बढ़ाना चाहिए।

विश्व में संचार क्रान्ति के कारण पूरा विश्व हमारे बहुत नजदीक आ गया है। इन्टरनेट के माध्यम से संसार भर की जानकारियां विभिन्न भाषाओं में हमारे सामने उपस्थित हो जाती है। हिन्दी भाषा में जो सूचनाएं इन्टरनेट में उपलब्ध हैं उन्हें विश्व में हिन्दी भाषा जानने वाले लोग हिन्दी में प्राप्त करते हैं और अपने आस-पास के लोगों को उसमें जानकारी देते हैं जिससे भाषा का तेजी से प्रचार-प्रसार हो रहा है। आज हिन्दी में एस.एम.एस. के जरिये भी हम हिन्दी का प्रयोग लगातार बढ़ा रहे हैं। भारत

के प्रतिभाशाली युवाओं को बहुराष्ट्रीय कम्पनियों ने अपनी कम्पनियों में रोजगार प्रदान किया हुआ है जो कि विश्व के विभिन्न देशों में अपनी भाषा को आगे बढ़ा रहे हैं। भारत के अंतरिक्ष विज्ञान, सामरिक तथा आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर होने पर विश्व का ध्यान मध्य एशिया के इस लोकतान्त्रिक देश की ओर आकर्षित हुआ है। विश्व की 15 प्रतिशत मानव शक्ति वाला यह राष्ट्र एक विश्व बाजार की तरह से है जिसमें प्रत्येक राष्ट्र शिरकत करना चाहता है और व्यापार कर मुनाफा कमाना चाहता है किन्तु इसके लिए उनके सामने भाषा की समस्या है। इस पर विजय प्राप्त करने के लिए जहाँ वे राष्ट्र अपने कालेजों में हिन्दी की पढ़ाई की ओर ध्यान दे रहे हैं वही दूसरी ओर अपनी कम्पनियों में भारतीयों को शामिल कर अपने व्यापार को आगे बढ़ा रहे हैं। इससे भाषा के विकास के साथ-साथ देश के नौजवानों को रोजगार भी प्राप्त हो रहा है। हिन्दी सिनेमा ने भी हिन्दी भाषा के प्रचार और प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



जहां तक सरकार द्वारा राजभाषा हिन्दी को आगे बढ़ाने की बात है, सरकार इस सम्बन्ध में दृढ़ संकल्पित है। सरकार द्वारा संसदीय राजभाषा-समिति से लेकर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति तथा प्रत्येक कार्यालय में हिन्दी समितियों का गठन किया गया है जो समय-समय पर बैठक कर हिन्दी की प्रगति का जायजा लेती हैं। इसी श्रृंखला में राजभाषा विभाग का गठन किया हुआ है तथा क्षेत्रीय स्तर पर क्षेत्रीय

कार्यान्वयन कार्यालयों की स्थापना की हुई है, जो राजभाषा की प्रगति, प्रचार व प्रसार हेतु सतत् प्रयत्नशील है। सभी विभागीय परीक्षाओं व प्रश्न पत्रों को हिन्दी में निपटाने के आदेश जारी किये गये हैं। इसी प्रकार केन्द्र सरकार के कार्यालयों में प्रयोग में लाये जाने वाले कम्प्यूटर प्रणालियाँ एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण केवल द्विभाषी खरीदे जाने की अनिवार्यता की गई है। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के दिनांक 21 सितम्बर 1981 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 14012/11/87-रा0भा0 (ग) के द्वारा सभी सेवाकालीन विभागीय/ पदोन्नति परीक्षाओं जिनमें अखिल भारतीय स्तर पर ली जाने वाली परीक्षायें भी शामिल हैं, अभ्यार्थियों को इस बात की छूट दी गई कि वे प्रश्नपत्रों के उत्तर हिन्दी में भी दे सकते हैं, और जहां साक्षात्कार लिया जाना अपेक्षित हो वहाँ अभ्यार्थियों को हिन्दी में प्रत्युत्तर देने की छूट दी गई। सरकार की इस नीति के परिणामस्वरूप आज बहुत से छात्र इन परीक्षाओं को हिन्दी के माध्यम से देकर सफलता प्राप्त कर रहे हैं और सरकारी सेवा में शामिल होने पर अपने कार्यों का निष्पादन भी हिन्दी में कर रहे हैं जिससे हिन्दी भाषा लगातार प्रगति कर रही है। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी हिन्दी शब्दों का खूब प्रयोग हो रहा है और बहुत से अंग्रेजी के तकनीकी शब्दों को हिन्दी ने अपने में समाहित कर लिया है। समाचार पत्रों ने भी हिन्दी को जन-जन की भाषा बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आकाशवाणी ने दूर-दराज की उन जगहों पर हिन्दी भाषा का प्रचार एवं प्रसार किया है जहाँ समाचार पत्र उपलब्ध नहीं होता है और बिजली व टेलीविजन की व्यवस्था नहीं होती है।

व्यक्ति, समाज, सरकार, गैर सरकारी संगठनों, समाचार पत्रों, आकाशवाणी, हिन्दी सिनेमा तथा शिक्षा संस्थानों द्वारा किये गये अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप हिन्दी का समाज में एक महत्वपूर्ण स्थान बन गया है। इस स्थान को कायम रखते हुए इसे लगातार आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। अतः इस देश में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की यह जिम्मेदारी है कि वह राष्ट्रभाषा, राजभाषा हिन्दी का सम्मान करें और इसकी प्रगति में यथासम्भव अपना योगदान दें। आशा है कि हिन्दी शीघ्र ही इस देश में अपने गौरव को प्राप्त कर विश्व पटल पर अपना परचम लहरायेगी।

राजभाषा और सूचना प्रौद्योगिकी

- डी.के. सिंह,
उप कमाण्डेन्ट (आई.टी.)
महानिदेशालय

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में कम्प्यूटर से काम करने में लोगों को यह धारणा बनी रहती है कि बिना अंग्रेजी के काम नहीं होगा। राजभाषा हिन्दी में काम करने में हिन्दी फॉन्ट या टूल का होना अनिवार्य है। पाठकों की सुविधा हेतु निम्न तरीके के बताये गए हैं





Windows 7 में हिंदी :- Windows XP के मुकाबले Windows 7 में हिन्दी टूलबार को एक्टिवेट करना आसान है। Windows 7 में हिन्दी टूलबार पहले से ही इन्स्टॉल्ड रहता है। इसे एक्टिवेट करने के लिए Programs Menu>Control Panel> में क्लिक करें, फिर नए Windows में Adjust Your Computer Setting Window पर क्लिक करें। वहां पर Clock, Language, Region पर क्लिक करें और Region And Language टैब > Change Keyboard and Other Input Language > Change Keyboard बटन पर क्लिक करें। इसके बाद Text Service And Input Language Window पर Add बटन पर क्लिक करें। इसके बाद एक नई Window खुलेगी। इसमें Add Input Language में हिन्दी (इंडिया) भाषा को चुन कर वहां + चिह्न पर क्लिक करें। देवनागरी इन्स्क्रिप्ट, हिन्दी इंडिक इनपुट 2, हिन्दी ट्रेडिश्नल विकल्प दिखेगा। इनमें से कोई भी विकल्प चुन सकते हैं। इसके बाद PC restart करें। इसके बाद कम्प्यूटर हिन्दी सहित अन्य भारतीय भाषाओं में काम करने के लिए तैयार है।



Windows XP में हिन्दी:- Windows XP में हिन्दी फॉन्ट एक्टिवेट कराने के लिए Windows XP की सीडी जरूर साथ रखिए। Windows CD में से 386 folder ढूंढ कर किसी पेन ड्राइव में सेव कर लें। START >setting > Control Panel >date, time, language and regional Options> regional and language option> languages tab > install files for complex script> apply button पर क्लिक करें। Windows key+ R दबायें, इससे Run box आ जायेगा, उसमें ntl.cpl@R,V टाइप कर enter प्रेस करें। languages tab पर क्लिक करें और supplemental language support शीर्षक के नीचे install files for complete & script and right to left language (including Thai) विकल्प पर क्लिक करें फिर OK पर क्लिक करें। पीसी Windows XP का CD मांगेगा। अब सीडी या पेन-ड्राइव से i386 folder की मैपिंग करें। इसके बाद पीसी खुद ब खुद file store करना शुरू कर देगा। PC restart करें। इसके बाद कम्प्यूटर हिन्दी सहित अन्य भारतीय भाषाओं में काम करने के लिए तैयार है।

हिन्दी टाईपिंग के प्रकार :-

1. रेमिंगटन टाईपिंग :- इसे सीखने के लिए टाइपराइटर पर हिन्दी टाईपिंग सीखना जरूरी है।

2. इनस्क्रिप्ट टाईपिंग :- देवनागरी के की-बोर्ड ले-आउट को ildc.in/inscriptlayout.html से डाउनलोड कर प्रिंट कर अभ्यास करके कम्प्यूटर पर आसानी से किया जाता है।

3. फोनेटिक टाईपिंग :- इंग्लिश की बोर्ड पर हिन्दी उच्चारण को टाइप कर किया जाता है, जैसे “मेरा भारत महान” के लिए “meraabhaaratamahaana” टाइप करें। यह टाईपिंग टूल देवनागरी लिपि में परिवर्तित कर देगा। यदि टाईपिंग टूल डाउनलोड करना चाहे तो ऑनलाइन निम्न टूल में लिखकर बवचल कर चेंजम कर सकते है।

www.google.com/transliterate, www.quillpad.in, hindi.changathi.com, www.lipikaar.com indiatyping.com

मोबाईल पर हिंदी

एंड्रायड- Hindi for GO keyboard एंड्रायड फोन का सबसे प्रचलित की -बोर्ड है। इन्स्टाल करने के बाद GO keyboard setting में जाकर input language को हिन्दी में बदलना पड़ता है। इसमें डिक्श्नरी का भी प्रावधान है।



आईओएस- आईफोन, आईपैड उपयोग करने वाले हिन्दी की-बोर्ड इन्स्टाल कर सकते हैं। इसके लिए setting>general>keyboard>international>option में add new keyboard के मौजूद भाषा में से hindi का चयन करें, जब भी हिन्दी लिखनी हो की-बोर्ड पर बने ग्लोब आईकन पर प्रेस कर लिस्ट में से हिन्दी भाषा चुनकर लिखना चालू करें।

सिंबयन -

हिन्दी की-बोर्ड सिर्फ सिंबयन की टच डिवाइसेज में काम करता है, नोकिया एन 8 और एन 9 में हिन्दी में लिखा जा सकता है| hindi keyboard, hindipaninikeypad, TSITS hindi keyboard, devanagari-hindi-आइ और पंकन Hindi को नोकिया के ओ वी आई स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

ब्लैकबेरी-

ब्लैकबेरी-DESKTOP SOFTWARE डाउनलोड करें और application के

section में Asian language support में hindi को चुनें तथा + पर क्लिक करें, उसे डाउनलोड कर इन्स्टाल कर सकते हैं।

“सैनिक”

स.उ.नि./ म. प्रदीप किष्टवाल,
हिंदी अनुभाग महानिदेशालय

मैं ऐसा ही था, जैसा दूसरे नहीं बनना चाहते थे,
मैं वहां गया, जहां अन्य जाने से डरते थे,

और ऐसा किया, जिसे अन्य करने में असफल हुए थे।
जिन्होंने कुछ नहीं दिया, मैंने उनसे कुछ नहीं मांगा।

और न चाहते हुए भी अनंत अकेलेपन के
विचार को स्वीकार कर लिया
— क्या मैं असफल हुआ।

मैंने आतंक का चेहरा देखा है,
डर की ठंडी चुभन को महसूस किया है
और प्यार के उन मीठे पलों का आनंद लिया।

मैं रोया, दुःखी हुआ और आशा की कि
अधिकांश जिनके साथ मैंने समय व्यतीत किया,
वे कहेंगे कि अगर भूल जाते तो ज्यादा बेहतर होता।

अंततः किसी दिन मैं, यह कह पाऊंगा,
कि मुझे गर्व है कि मैं एक “सैनिक” था।

हिंदी का राष्ट्रीय एकता में महत्व

- नि./हिं.अनु. पवन कुमार श्रीवास्तव
मध्य प्रदेश सेक्टर, भोपाल

बहुभाषिकता की दृष्टि से भारत संभवत विश्व भर में सर्वाधिक विविधताओं और विचित्रताओं वाला देश है। हजारों मातृभाषाएं यहां हजारों साल से बोली जाती हैं। भिन्न भाषा भाषियों के बीच परस्पर संवाद के लिए अलग-अलग स्तरों पर कोई-न-कोई भाषा संपर्क भाषा की जिम्मेदारी निभाती दिखाई देती है। विशाल प्राचीन भारत की जिस धार्मिक और सांस्कृतिक एकता की प्रायः चर्चा की जाती है उसका आधार संभवत: ऐसी संपर्क भाषा रही थी, जिसके माध्यम से देशभर में पर्यटन, तीर्थाटन और व्यापार-व्यवसाय करने वाले परस्पर विचार-विनिमय करते थे। निर्विवाद रूप से, पहले संस्कृत, प्राकृत और फिर हिंदी ने यह भूमिका निभाई है।

भाषा-संपर्क और संपर्क-भाषा की यह प्रक्रिया बहु–भाषी समाज में हजारों-हजार वर्षों से सहज भाव से चल रही थी। जब-जब कोई भी जन जागरण आंदोलन छिड़ा या किसी भी धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक लोकनायक ने संपूर्ण देश को एक साथ संबोधित करना चाहा, तब-तब उन आंदोलनों और लोकनायकों ने उस काल की संपर्क भाषा को अपनाया। इतिहास साक्षी है कि इस राष्ट्र ने जब-जब किसी विपत्ति में स्वयं को घिरा हुआ पाया, हिंदी भाषा ने चारों दिशाओं में स्थित विविध संस्कृति से युक्त राज्यों को एक सूत्र में पिरोकर राष्ट्र को संगठित किया। चाहे अंग्रेजों के विरूद्ध 400 वर्षों तक चला स्वतंत्रता संग्राम हो, या उसके पूर्व मुगलों व यवनों के अत्याचारों से आक्रांत 1000 वर्षों का अविरल संघर्ष हो, हिन्दी ने हर युग और काल में एक मंच प्रदान करने का अविस्मरणीय कार्य किया है।



देश की एकता एवं अखण्डता के लिए, हिन्दी भाषा के महत्व को समझते हुए महात्मा गाँधी जी के निर्देशन में, सन् 1918 में मद्रास नगर के गोखले हॉल में, डॉ0 सी0पी0 रामास्वामी अय्यर की अध्यक्षता में 'हिंदी प्रचार सभा' की स्थापना की गयी थी। उनके समकालीन नेताओं ने भी हिंदी के महत्व को स्वीकारते हुए राष्ट्रीय पद प्रतिष्ठा प्रदान की थी। बाद में, भारतीय संविधान के द्वारा हिंदी को भारत संघ की राजभाषा माना गया।

राष्ट्रीय एकता, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक संपदा की सुरक्षा के लिए हमें अपनी भाषाओं के साथ ही एक संपर्क भाषा का भी विकास करना है और राष्ट्रीय एकता के संवाहक के रूप में, वह भाषा हिन्दी ही हो सकती है, क्योंकि भारत में हिन्दी ही एक मात्र ऐसी भाषा है जिसे बहुसंख्यक भारतवासी बोलते हैं, समझते हैं। यही एक से अधिक प्रांतों की भाषा है। इसका अंतर-भारतीय स्वरूप ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय रूप भी विकसित हुआ है।

हिन्दी भाषा के महत्व को देखते हुए, इसे जनसंचार माध्यमों में अपनाया गया है।

विज्ञापनों से लेकर अंग्रेजी के प्रसारणों तक को व्यापक रुप से जनता तक पहुँचाने के लिए हिन्दी में 'डब' किया जाता है। भारतीय फिल्म उद्योग के 'रीढ़ की हड्डी' के रूप में यह भाषा भारत के कोने-कोने से लेकर विश्व पटल पर छायी हुई है।

भारतीय हिंदी साहित्य में दोहों का महत्व

- नि./हिं.अनु. राकेश कुमार,
ग्रुप केन्द्र-एक, अजमेर, राजस्थान

भारतीय हिंदी साहित्य को समृद्ध बनाने में दोहों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। "दोहा" शब्द सुनते ही हमारे स्मृति पटल पर रहीम, कबीर, मलिक मुहम्मद जायसी, बिहारी आदि के नाम उभरने लगते हैं, जिनके दोहे बचपन में हमने एवं हमारे साथियों ने मुक्तकंठ से गुनगुनाए थे। जी हां, मैं उन्हीं दोहों की बात कर रहा हूं, जिनमें "गागर में सागर" की कहावत चरितार्थ होती थी। दो पंक्तियों के दोहे में जीवन के अथाह कटु सत्य के वर्णन से ले कर मानव मूल्यों पर व्यंग्य करने तक दोहा लिखने वाली हस्ति के कलम-कौशल की झलक साफ दिखाई देती थी। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारतीय हिंदी साहित्य को समृद्ध बनाने में दोहों का योगदान अनुपम है।

इसे विडंबना नहीं तो और क्या कहें कि आज की मोबाइल और मोटर-बाइक की पीढ़ी दोहों के महत्व एवं प्रासंगिकता से दूर होती जा रही है। खैर हमें यह आशा करनी चाहिए कि हमारी भावी पीढ़ी दोहों एवं इनमें छिपे गूढ़ अर्थ को समझने एवं अपने जीवन में अनुकरण करने की सकारात्मक कोशिश करेगी। इस अंक के माध्यम से रहीम के कुछ चुनिंदा दोहे आपके समक्ष प्रस्तुत हैं, जो जीवन पर अपनी अमिट छाप छोड़ जाते हैं –

तरूवर फल नहिं खात है, सरवर पियहि न पान।
कहि रहीम पर काज हित, संपति संचहि सुजान।
दुख में सुमिरन सब करें, सुख में करे न कोय,
जो सुख में सुमिरन करे, सो दुख काहे को होय।
खैर खून खांसी खुसी बैर प्रीति मदपान।
रहिमन दाबे न दबे जानत सकल जहान।
बिगरी बात बने नहीं लाख करो किन कोय।
रहिमन बिगरे दूध को मथे न माखन होय।

आब गइ आदर गया, नैनन गया सनोंहे।
ये तीनों तब ही गये जबहि कहा कछु देहि।
खीरा सिर ते काटिये मलियत नमक लगाय।
रहिमन करूये मुखन को चहियत इहै सजाय।
क्षमा बड़न को चाहिये छोटन को उतपात।
कह रहीम हरि का घट्यो जो भृगु मारी लात।
जे गरीब पर हित करैं हे रहीम बड़ लोग।
कहा सुदामा बापुरो कृष्ण मिताई जोग।
जो रहीम गति दीप की कुल कपूत गति सोय।
बारे उजियारो लगे बूड़े अंधेरो होय।
रहिमन देख बड़ेन को, लघु न दीजिये डारि।
जहां काम आवै सुई कहां करै तलवारि।
माली आवत देख के कलियन करे पुकारि।
फूले फूले चुनि लिये कालि हमारी बारि।
एकहि साधै सब सधै सब साधे सब जाय।
रहिमन मूलहि सींचबो फूलहि फलहि अघाय।
रहिमन विपदा ही भली जो थोरे दिन होय।
हित अनहित या जगत में जानि परत सब कोय।
बड़ा हुआ तो क्या हुआ, जैसे पेड़ खजूर।
पंथी को छाया नहीं फल लागे अति दूर।
रहिमन निज मन की व्यथा मन में राखो गोय।
सुनि इठलैहैं लोग सब बाटि न लै कोय।
रहिमन चुप हो बैठिये देखि दिनन के फेर।
जब नीके दिन आइहैं बनत न लगिहैं देर।
बानी ऐसी बोलिये मन का आपा खोय।
औरन को सीतल करै आपहु सीतल होय।
मन मोती अरू दूध रस इनकी सहज सुभाय।
फट जाये तो ना मिले कोटिन करो उपाय।
रहिमन धागा प्रेम का मत तोड़ो छिटकाय।
टूटे से फिर ना जुरे जुरे गांठ परि जाय।
रहिमन पानी राखिये बिन पानी सब सून।

पानी गये न ऊबरे मोती मानुष चून।

राजभाषा हिंदी पर अनुकरणीय विचार

राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक है।

- महात्मा गांधी

हिन्दी का पाट महासागर की तरह विस्तृत होना चाहिए जिसमें मिलकर और भाषाएं अपना बहुमूल्य भाग ले सकें।

- सरदार वल्लभ भाई पटेल

हिन्दी किसी प्रांत विशेष की भाषा नहीं परंतु वह अपनी सरलता, व्यापकता तथा क्षमता के कारण लोकप्रिय हो रही है।

- राजभाषा विभाग

हिंदी लिखें, हिंदी पढ़ें, आम आदमी से जुड़े।

- राजभाषा विभाग

राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीय स्वाभिमान, हिंदी का करें सम्मान।

- राजभाषा विभाग

हिन्दी देश की एकता की कड़ी है।

- चक्रवती राजगोपालाचारी

राष्ट्रीय एकता को यदि बनाकर रखा जा सकता है तो उसका माध्यम हिंदी में ही हो सकता है।

- सुब्रमणियम भारती

राष्ट्रीय व्यवहार में हिन्दी को काम में लाना देश की शीघ्र उन्नति के लिए आवश्यक

है।

- महात्मा गांधी

देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए हिन्दी सबसे अधिक सहायक है।

- ज्ञानी जैल सिंह

देश के सबसे ज्यादा हिस्से में हिन्दी बोली जाती है और अगर हम साधारण बुद्धि से काम लें तो पता चलेगा कि हमारी कौमी जुबान हिंदी ही हो सकती है।

- सरोजिनी नायडू

अगर हमें हिन्दुस्तान को एक राष्ट्र बनाना है तो राष्ट्रभाषा हिन्दी ही हो सकती है।

- महात्मा गांधी

राष्ट्र भाषा के रूप में हिंदी हमारे देश की एकता में सबसे अधिक सहायक सिद्ध होगी।

- पं. जवाहर लाल नेहरू

भारतीय भाषाएं नदियां हैं और हिन्दी महानदी।

- रविन्द्र नाथ ठाकुर

हिंदी सीखे बिना भारतीयों के दिलों तक नहीं पहुचा जा सकता।

- लोठार लुत्से

सबको हिंदी सीखनी चाहिए। इसके द्वारा भाव विनिमय में सारे भारत को सुविधा होगी।

- चक्रवर्ती राजगोपालाचारी

हिंदी एक जीवंत भाषा है इसमें बड़ी सरम्यता और उदारता है।

- के.आर. नारायणन

भारतीय एकता के लक्ष्य का साधन हिंदी भाषा का प्रचार है।

- महात्मा गांधी

देश को एकता के सूत्र में आबद्ध करने की शक्ति केवल हिंदी में है।

- इंदिरा गांधी

हिंदी भाषा की उन्नति का अर्थ है राष्ट्र और जाति की उन्नति।

- महात्मा गांधी

भारत की अखंडता और व्यक्तिव बनाए रखने के लिए हिंदी का प्रचार अत्यन्त आवश्यक है।

- महाकवि शंकर कुरूप

सरकारी कामकाज
सरल और सुबोध हिन्दी में करें
अटपटी और बोझिल भाषा से बचें
दूसरी भाषाओं के प्रचलित शब्दों से न कतराएं।
हिंदी में लिखना शुरू तो कीजिए,
धीरे धीरे आपकी कठिनाइयां
अपने आप दूर हो जाएंगी।
- राजभाषा विभाग के सौजन्य से

संसदीय राजभाषा समिति के निरीक्षण



